## तूफान ने रोकी रफ्तार दर्जनभर ट्रेनें प्रभावित

**राजनांदगांव।** गुरुवार शाम लगभग 4:30 बजे से शुरू हुई तेज आंधी ने आवागमन पर गहरा असर डाला। आंधी तूफान के चलते रेल से लेकर सड़क परिवहन मार्ग बाधित हो गया। राजनांदगांव जिले और दुर्ग जिले के समीप ओएचई तार में फाल्ट आने के चलते दर्जनभर से अधिक पैसेंजर ट्रेन प्रभावित हुई, जिन्हें अलग-अलग स्टेशनों में घंटों रोकना पड़ा। वहीं सड़क मार्ग पर भी कई वृक्ष गिरने की वजह से आवागमन बाधित हुआ। देर शाम चली आंधी और बारिश से डोंगरगढ़ - राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के बीच बांकल में ओएचई तार ट्रिप हो गई, जिससे कुछ ट्रेन प्रभावित हुई।


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025













### बदला मौसम : राज्य के कई इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त, बड़े इलाके में ब्लैक आउट

# 70 की रफ्तार से कहर बनकर टूटी 'मौत'...राइस मिल का छज्जा गिरा दो की मौत, तूफान ऐसा कि ट्रेनें थमीं, विमान का बदला रास्ता

*पश्चिमी विक्षोभ से बदले मौसम ने गुरुवार को राज्य के बड़े इलाके को मुसीबत में डाल दिया। 70 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं का कहर ऐसा टूटा कि राजधानी समेत कई शहर-कस्बों में बड़े दरख्त, होर्डिंग्स, छज्जे उखड़े गए। अंधड़ के दौरान बेमेतरा में बड़ा हादसा हुआ। यहां राइस मिल का छज्जा गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। कई घायल भी है।*



**राजधानी का ऐसा मंजर**

देवेंद्रनगर चौराहे का ट्रैफिक शेड गिरा, कारें दबी | तरपोंगी धरसींवा का टोल प्लाजा ध्वस्त | आंधी में उखड़ गए दर्जनों पेड़

***आज से बढ़ेगा पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव :*** *हवा की गति जब 30 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक हो जाती है तो उसे अंधड़ कहा जाता है। मौसम विभाग के अनुसार, एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से उत्तर केरल तक 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। शुक्रवार से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। इसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आने की संभावना है। शुक्रवार को कई स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। कई स्थानों पर इस दौरान अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने की भी आशंका बनी हुई है। यही स्थिति 3 मई को भी रहने की आशंका है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।*

### अंधेरा, बड़े इलाके में ब्लैकआउट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेज हवाओं ने दर्जनभर ट्रेनों के पहिए भी जाम कर दिए। यहां तक कि रायपुर आ रहे विमान को नागपुर डायवर्ट करना पड़ा। तूफानी हवाओं ने देवेंद्रनगर का ट्रैफिक शेड, सिमगा मार्ग के तरपोंगी टोल प्लाजा को भी ध्वस्त कर दिया। शाम को अंधड़ की वजह से राजधानी के बड़े हिस्से की बिजली गुल हो गई। यहां ब्लैकआउट जैसा हालात बन गए। मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों अर्थात शुक्रवार और शनिवार के लिए भी अलर्ट जारी किया है। बारिश होने के साथ अंधड़ और वज्रपात की भी आशंका जताई गई है।

पिछले तीन दिनों से मौसम में बदलाव का दौर जारी था। गुरुवार को दिनभर धूप-छांव के हालात बने रहे, लेकिन तकरीब 4 बजे के ▶▶शेष पेज 7 पर

### सहसपुर के पोल्ट्री फार्म शेड व स्ट्रक्चर धराशाई, करोड़ों का नुकसान





### पेड़ गिरे, शहर से लेकर गांवों तक बिजली फेल



**भिलाई।** आंधी-तूफान का कहर ऐसा रहा कि दुर्ग जिले में सैंकड़ो पेड़ और उनकी डालियां टूटकर गिर गईं। शहर से लेकर गांव तक बिजली व्यवस्था फेल रही। भिलाई, दुर्ग, पाटन,धमधा, दुर्ग ग्रामीण और बेमेतरा क्षेत्र में 20 से ज्यादा जगह पर बिजली तार क्षतिग्रस्त्र हो गई है। बिजली पोलों को भी नुकसान पहुंचा है। भिलाई के सेंट्रल एवेन्यू रोड, रिसाली, मरोदा, दुर्ग के नया बस स्टैंड में सालों पुराना पेड़ जड़ से उखड़ गया। सुपेला, ▶▶शेष पेज 7 पर

### बिजली गुल, रात भर मरम्मत में जुटे रहे विद्युत कर्मी

आंधी-तूफान के कारण विद्युत कंपनी के रायपुर, दुर्ग तथा राजनांदगांव क्षेत्र में विद्युत खंभों और लाइनों को काफी नुकसान हुआ। कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। बहुत सारी जगहों पर फीडर, खंभों, तारों पर पेड़ गिरने से टूट-फूट भी हुई है। विद्युत कर्मियों ने टूट -फूट की जगह तथा कारण खोजकर विद्युत आपूर्ति फिर चालू करने का काम कार्य प्रारंभ कर दिया। बिजली कर्मी रातभर काम में डटे रहे। जंगल वाले या दुर्गम स्थानों पर कुछ अधिक ▶▶शेष पेज 7 पर

**सीएम साय ने रखी है नजर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस प्राकृतिक आपदा के समय विद्युत कर्मियों द्वारा तत्परता से राहत दिलाने के उपायों पर नजर रखे हुए हैं। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया है कि लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के लिए कार्य किए जाएं।

### बेमेतरा में भारी तबाही, दो मजदूरों की मौत, दर्जनों घायल

**बेमेतरा।** बेमेतरा में तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई। यहां देवकर क्षेत्र के एक राइस मिल में शेड गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 5 से 6 अन्य मजदूर घायल हो गए। सहसपुर के पोल्ट्री फार्म में शेड उड़ने से पांच करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और पांच कर्मचारी घायल हुए। इसके अलावा परपोड़ी में आगजनी और मोबाइल टावर के झुकने से संचार नेटवर्क ठप हो गया। जगह जगह पेड़ धराशायी होने से आवागमन बाधित रहा, कोदवा स्टेट हाईवे में तीन घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे यात्रियों को ▶▶शेष पेज 7 पर



**राइस मिल में ऐसे हुआ हादसा**

नन्दकुमार निषाद (40 वर्ष), निवासी ग्राम चोंगी खपरी, और बिसवंतीन साहू (50 वर्ष), पत्नी चुरावन साहू, निवासी ग्राम राखी जोबा, देवकर क्षेत्र की एक राइस मिल में धान के बोरे जमाने का काम कर रहे थे, तभी तेज आंधी के चलते टीन शेड ▶▶शेष पेज 7 पर

---

### INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

| मुंबई | | राजस्थान |
|---|---|---|
| 217/2 | VS | 117/10 |

100 रन से जीता मुंबई

61 रन : रेयान रिकेलटन प्लेयर ऑफ द मैच

**आज का मैच**

गुजरात VS हैदराबाद

समय : शाम 7.30 बजे

### खबर संक्षेप

#### एयर मार्शल तेजिंदर ने संभाला प्रशिक्षण का नेतृत्व



**बेंगलुरु।** एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने बृहस्पतिवार को भारतीय वायु सेना की प्रशिक्षण कमान के प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल सिंह ने मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में औपचारिक सलामी गारद का निरीक्षण किया।

#### अवैध रूप से रह रही छह बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो जगहों से छह बांग्लादेशी महिलाओं को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कल्याण और भिवंडी में की गई छापेमारी के बाद ये गिरफ्तारियां हुई। पहचान संगीताजीबी पिंटू यशो (32), मुन्नी आसिफ शेख (34), शरनिली (26) और रिया हलीम शेख (20) के रूप में हुई है।

## पीएम मोदी बोले- रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं को जगाने की असीम शक्ति

**सितारों से जगमगाया मंच**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) 2025 का शानदार आगाज मुंबई में हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह चार दिवसीय आयोजन मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हो रहा है। यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजन जगत के लिए एक बड़ा मंच है, बल्कि इसने बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा के सितारों को एक साथ लाकर एकजुटता की मिसाल भी पेश की।

- विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन का आगाज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय है, जब दुनिया कहानी कहने के नए तरीके तलाश रही है ▶▶शेष पेज 7 पर

#### बॉलीवुड सितारों का रहा जलवा

इस मौके पर अभिनेता शाहरुख खान ने सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन में अनुपम खेर, हेमा मालिनी, मोहनलाल, रजनीकांत, कार्तिक आर्यन, एस एस राजामौलि और अनिल कपूर समेत कुछ फिल्मी हस्तियों ने संक्षिप्त भाषण दिए और भारतीय प्रतिभाओं के लिए वैश्विक मंच बनाने की प्रधानमंत्री की सोच को सराहा।

#### पीएम ने जारी किया डाक टिकट

पीएम मोदी ने भारतीय सिनेमा की 5 महान हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी की याद में डाक टिकट भी जारी किए हैं। टिकट जारी करते हुए पीएम ने कहा, आज वेव्स में इस मंच पर हमने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। बीते वर्षों में मैं कभी गेमिंग वर्ल्ड, कभी म्यूजिक की दुनिया के लोगों से, फिल्ममेकर्स से मिला, कभी स्क्रीन पर चमकने वाले चेहरों से मिला।

### गोमर्डा अभ्यारण्य में 28 हाथियों का दल



**2 सालों से जंगल में डटे हैं हाथी**

- पानी पीते, खेलते नजर आए शावक
- 998 आरएफ कक्ष में कर रहे विचरण
- हाथियों पर रखी जा रही निगरानी

**रायगढ़।** गोमर्डा अभ्यारण्य के कक्ष क्रमांक 998 आरएफ में 28 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दल पानी पीने के लिए एक टंकी के पास पहुंचा था। इस दौरान कुछ हाथी शावक पहले पानी पीने के लिए एक दूसरे को सूंड से धकेलते हुए खेलते नजर आए।

## मुस्लिम समुदाय के हक के लिए हुआ वक्फ संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, मुस्लिम समुदाय के हक के लिए वक्फ संशोधन हुआ है। यह संशोधन उन लोगों को हक दिलाने के लिए है, जिनका हक छीना गया। इसका नतीजा यह है कि आज भी 31 फीसदी मुस्लिम आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। 80 फीसदी वक्फ की प्रॉपर्टी पर कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार का आरोप है। जबरन कब्जा करने का आरोप है। कुछ लोगों ने इसे अपनी संपत्ति बनाने ▶▶शेष पेज 7 पर

- केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र और सीएम साय हुए मीडिया से रूबरू




**फर्जी रजिस्ट्री**

नेताओं ने कहा, जहां कांग्रेस रही, वहां घोटाले हुए। छत्तीसगढ़ में भी फर्जी रजिस्ट्री की गई। बड़ी बात है इन सब घोटालों के होने के बावजूद गरीब को कोई फायदा नहीं हुआ। उसकी पहुंच कहीं तक नहीं, इसीलिए अभी का संशोधन उन गरीबों के हक की बात करता है। वक्फ की प्रॉपर्टी पर बड़े-बड़े मॉल फाइव स्टार होटल बने हुए हैं जो वक्फ बोर्ड को बनाने का उद्देश्य था, वही पूरा नहीं होता नजर आ रहा था।

### खत्म होगा भक्तों का इंतजार, देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालु

बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग के उखीमठ से रवाना किया था

## आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट 108 क्विंटल फूलों से सजाया मंदिर

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है। शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। शृंगार वडोदरा और कोलकाता ▶▶शेष पेज 7 पर

#### ओंकारेश्वर मंदिर से इस दिन निकली थी डोली यात्रा



बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ से रवाना किया गया था। डोली यात्रा की शुरुआत ओंकारेश्वर मंदिर से हुई, यह बाबा केदारनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल है। जो लोग केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सकते वो शीतकाल के दौरान इसी स्थान पर बाबा केदार के दर्शन कर सकते हैं।

#### ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समितियां

*इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समिति द्वारा मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।*

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में बस्तर अंचल से आए नक्सल हिंसा पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में सुकमा, बीजापुर, कांकेर सहित बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के वे नक्सल हिंसा पीड़ित शामिल थे, जिन्होंने विगत वर्षों में नक्सली हिंसा के कारण अपनों को खोया है। शारीरिक यातनाएं झेली हैं अथवा विस्थापन का दंश सहा है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

## नक्सल हिंसा में अपनों को खोने व शारीरिक यातनाएं झेलने वालों ने बताई आपबीती

# पीड़ितों ने सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कुर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बस्तर के हजारों परिवार चार दशकों से माओवादी आतंक की विभीषिका का सामना कर रहे हैं, जिसने क्षेत्र की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बुनियाद को गहरा नुकसान पहुँचाया है। हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई और सरकार की समावेशी विकास की नीति से बस्तर में शांति और विकास की आशा फिर से जगी है। ग्रामीणों ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों को इस नई जागरुकता और विश्वास का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुर्रेगुट्टा में चलाया जा रहा सुरक्षा अभियान निर्णायक चरण में है। सरकार किसी भी कीमत पर नक्सल उन्मूलन अभियान को पूर्ण करेगी ताकि बस्तर के विकास को गति मिले। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद सिर्फ एक हिंसक आंदोलन नहीं, बल्कि हमारी सह-अस्तित्व पर आधारित संस्कृति पर खतरा भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नक्सल पीड़ित परिवार के साथ सरकार खड़ी है और सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने या अभियान में बाधा डालने वाले किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बस्तर को स्थायी शांति और विकास की दिशा में करेंगे अग्रसर

सीएम साय ने कहा कि बस्तर में स्थायी शांति और समावेशी विकास ही सरकार का लक्ष्य है और यह तभी संभव है जब क्षेत्र को हिंसा और भय के साये से पूरी तरह मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि नक्सल विरोधी संघर्ष में जन-भागीदारी और जनविश्वास की शक्ति से हम निस्संदेह सफलता प्राप्त करेंगे और बस्तर को स्थायी शांति और विकास की दिशा में अग्रसर करेंगे।

### राज्यपाल से भी मिले

राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में बस्तर क्षेत्र के कांकेर, नारायणपुर और सुकमा जिले के नक्सल हिंसा से पीड़ित ग्रामीणों ने मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।



नक्सल पीड़ितों को हर संभव मदद देने की बात कही। केंद्र शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सतत कार्रवाई की जा रही है। सुकमा जिले के ग्राम चिंता गुफा निवासी राहुल सोड़ी का इलाज एम्स रायपुर में कराने कहा है।

## खबर संक्षेप



### नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की धोखाधड़ी

**धमतरी।** मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 4 लाख 93 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं इस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि कुरूद के रहने वाले राकेश कुमार देवांगन निवासी कुरूद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 जुलाई 2018 से 21 अप्रैल 2019 के बीच मेरे परिचित विवेक पटनायक के माध्यम से चंद्रकांत सिन्हा जो मंत्रालय में सहायक ग्रेड 3 में पदस्थ था, उसने विधि विभाग में काउंसलर पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपये मांगे थे। मैंने चंद्रकांत सिन्हा और विवेक पटनायक को 4 लाख 93 हजार रुपये अलग-अलग किस्तों में दिया।

### दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की हुई मौत



**डौंडीलोहारा।** नगर के दुर्गा पेट्रोल पंप के सामने दो बाइक की आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत भी हो गई। पुलिस के अनुसार बाइक चालक मिलन चुरेन्द्र व जितेश माहला के साथ आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे दोनों ही बाइक चालक व पीछे बैठे सवार सड़क पर गिर पड़े व उन्हें जबरदस्त चोट लगी व बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची।घायलों को तुरंत ही नगर के शा अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है। पता चला है कि मृतक अपने साथियों के साथ विवाह समारोह में शामिल होने संबलपुर जा रहा था कि यह हादसा हो गया। घायल युवक भी कुछ बताने की स्थिति में नही है। इसलिए अभी इनके नाम व ग्राम का पता नहीं चल पाया है। परिजनों को सूचना दी गई है। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों बाइक सवार ग्राम संबलपुर के एक ही शादी समारोह में शामिल होने आए थे। एक बाइक सवार कुछ कार्यवश लोहारा आकर वापस जा रहा था , तो दूसरा बाइक सवार लोहारा कुछ कार्य से आ रहा था, तभी यह दुर्घटना हो गई।

### आम खाने पेड़ पर चढ़ा तरंगित तार से गई जान

**महासमुंद।** बोरवेल के विद्युत तार की चपेट में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पौंसरा निवासी संदीप साहू (19) पौंसरा - बरपेलाडीह मार्ग स्थित तालाबनुमा डबरा में नहाने गया था। तालाब किनारे पेड़ से आम तोड़कर खाने वह पेड़ पर चढ़ गया। इस दौरान वह बोरवेल के तार की करंट की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। साथ में गए युवक ने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी।

## हर विधानसभा में होगी चर्चा, मुस्लिम समाज को बताएंगे वक्फ बिल की खूबियां

# सीएम बोले- वक्फ की जमीन पर शापिंग माल तन गए, मुसलमानों का हक मारा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड में विसंगतियों को दूर करने के लिए वक्फ संशोधन अधिनियम संसद में पारित किया गया है। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने वक्फ बोर्ड को ऐसी तानाशाही शक्तियां प्रदान की, जिससे न केवल वक्फ बोर्ड ने अपने दायरे का उल्लंघन करते हुए सरकारी जमीन पर क्लेम कर दिया अपितु मंदिरों की जमीनों पर भी क्लेम किया। श्री साय ने कहा, वक्फ बोर्ड की करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी का कोई लाभ आम मुसलमान को नहीं मिल पा रहा था। वक्फ की जमीन को कौड़ियों के भाव में लीज में देकर रसूखदार लोगों ने करोड़ों रुपए कमाए लेकिन गरीब मुसलमानों के हिस्से में कुछ नहीं आया। वक्फ की जमीन पर शॉपिंग मॉल तन गए, करोड़ों की जमीन कौड़ियों के भाव में दे दी गई।

खास खबर

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में वक्फ बिल जनजागरण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला में तय किया गया है, प्रदेश की सभी विधानसभाओं और जिलों में मुस्लिम समाज के हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित कर उनके सामने वक्फ बिल की खूबियां को बताया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा, वक्फ के भ्रष्टाचार में मुतवल्लियों के साथ साथ वक्फ के पदाधिकारी भी शामिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है 2047 में भारत को विकसित भारत बनाना। इसमें 20 करोड़ मुस्लिमों का विकास भी शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, वक्फ की जमीन पर शापिंग माल तन गए और मुसलमानों का हक मारा गया।






### हक मारने वालों का चुन-चुन कर इलाज होगा : राधा मोहन


राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा, इस जन जागरण अभियान का भारत की चुनावी राजनीति से कोई मतलब नहीं है। कई बार लोग बर्दाश्त नहीं कर पाते कि हम मुस्लिमों के बीच जाकर उनके हित की बात करें। उन्होंने कहा, आज लगभग 38 लाख एकड़ जमीन वक्फ के पास है। इससे 1 लाख करोड़ की आय होनी चाहिए लेकिन हो रही है 163 करोड़। वक्फ बाय यूजर की जितनी प्रॉपर्टी है जो विवादित नहीं है, वो वक्फ की जमीन बनी रहेगी। किसी भी धार्मिक स्थल को छेड़ा नहीं जाएगा, इसके लिए लिखित प्रावधान किया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा, जिन्होंने भी वक्फ की संपत्तियों को गरीब मुसलमानों का हक मारा है, एक-एक का चुन चुन के इलाज होगा।

### जनहित में ऐसे संशोधन जरूरी : विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा समाज में वक्फ का विषय उचित ढंग से जाए इसके लिए आज कार्यशाला रखी गई है। 90 प्रतिशत से ज्यादा जमीन का पैसा लूटा जा रहा है ऐसे में जनहित में ऐसे संशोधन जरूरी है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, जब भाजपा सरकार में आती है सरकार में आकर देश और समाज के हित में कार्य करती है एक विजन से कार्य करती है। आदिवासियों की जमीन पर कब्जा हुआ ,कुछ चुनिंदा लोग वक्फ की जमीन से मजा कर रहे है और जो जरूरतमंद है वो उदास हो कर देख रहा है यह संशोधन इस सब चीजों को ठीक करेगा। गरीबों को उनका हक दिलाएगा। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, ये जनजागरण भी एक बड़े लक्ष्य को लेकर है। प्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने कहा, छत्तीसगढ़ में भी वक्फ की जमीनों के दुरुपयोग के कारण आमदनी नहीं हो पाती इसकी राशि लगभग 200 करोड़ हो सकती है।

## आरक्षकों के साहस से मिली


# लोड पिस्टल के साथ नशे का सौदागर पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जान जोखिम में डालकर पेट्रोलिंग पार्टी के दो आरक्षकों ने महाराणा प्रताप चौक पर लोड पिस्टल के साथ कार सवार नशे के सौदागर को पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर 3 पिस्टल, 26 जिंदा कारतूस, 7 खाली खोखा, 30 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। आरोपी नशे में था। एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने बताया, सिविल लाइन थाना की पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक अतुल सिंह, रितेश मिश्रा को सूचना मिली कि राजीव गांधी चौक निवासी नशे का सौदागर शहबाज हुसैन उर्फ शीबू पिता अमीन इकबाल प्रतिबंधित कफ सिरप व अवैध हथियार लेकर जा रहा है। दोनों आरक्षकों ने तिफरा ओवरब्रिज के नीचे महाराणा प्रताप चौक पर कार क्रमांक सीजी 10 एई, 7361 को रोका और नशे में सवार शहबाज हुसैन पकड़ा।





### आरोपी दो दिन की पुलिस रिमांड पर

सीएसपी श्री परिहार ने बताया कि आरोपी को कोर्ट से दो दिन की पुलिस रिमांड में लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी पिस्टल व जिंदा कारतूस को सीपत क्षेत्र में पोटली में बंद मिलना बता रहा है। वहीं नशीले पदार्थ के स्त्रोत व नेटवर्क की जानकारी एकत्रित की जा रही है। उसके सहयोगियों के विरूद्ध पृथक से गैंग हिस्ट्रीशीट तैयार की जा रही है।

## आईईडी से लगातार हो रहीं मौतें

# मिशन संकल्प अभियान नक्सलियों के शवों व बरामद हथियारों की गणना तक सीमित नहीं : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर- तेलंगाना की सीमा स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर पिछले दस दिन से नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे देश के सबसे बड़े एण्टी नक्सल ऑपरेशन के बीच देश के अलग अलग राज्यों में सामाजिक संगठनों द्वारा रैली निकालकर प्रदर्शन किया जा रहा है। संगठनों द्वारा सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन का विरोध करते हुए सरकार से नक्सलियों के शांतिवार्ता व युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने और अभियान रोकने की मांग की गई है। फोर्स के इस संकल्प अभियान की अगुवाई कर रहे बस्तर आईजी सुंदरराज पी से हरिभूमि ने खास बातचीत की जिसमें उसने पूरे अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि मिशन संकल्प नक्सलियों के शवों व बरामद हथियारों की गणना तक सीमित नहीं है। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य प्रतिबंधित माओवादी संगठन के कब्जे से क्षेत्र को मुक्त कराना और मूल निवासियों के लिए उस भूमि को पुनः सुरक्षित बनाना भी है। आईजी ने कहा कि मिशन संकल्प बस्तर में शांति और सुरक्षा का संकल्प है, माओवादियों ने पवित्र बस्तर की भूमि में पहाड़ियों, नदियों और घाटियों के किनारे कई आईईडी लगाने का दुस्साहस किया। स्थानीय आदिवासी जनसंख्या को चेतावनी दी कि वे अपनी ही भूमि में प्रवेश न करें। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि माओवादियों को ऐसा नापाक कार्य करने और निर्दोष नागरिकों, जानवरों तथा अन्य जीवों के जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का अधिकार आखिर किसने दिया है।



### थोड़ा इंतजार कीजिए अभियान पूर्ण होने के बाद देंगे जानकारी

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि छग राज्य के सभी संबंधित पक्ष, पड़ोसी राज्य सरकारें और केंद्र सरकार की एजेंसियां मिलकर बस्तर क्षेत्र में शांति और आशा का यह अभियान आगे बढ़ा रही हैं। सुरक्षा कारणों से किसी भी अभियान की विस्तृत जानकारी उसके पूर्ण होने तक साझा नहीं की जा सकती। मिशन संकल्प का उद्देश्य बस्तर और देश के अन्य प्रभावित क्षेत्रों में छह दशकों से चली आ रही वामपंथी उग्रवाद की समस्या का अंत करना है। जल्द ही इस अभियान के पूर्ण होते ही सभी जानकारी साझा की जाएगी इसके लिए सभी को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा।

### आईईडी विस्फोट से कई जानें गईं

हाल ही में 30 मार्च 2025 को सुशीला सोढ़ी जैसी निर्दोष आदिवासी महिला की शहादत बीजापुर जिले के उसूर क्षेत्र में मवेशी चराते समय नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी विस्फोट हो गई। इसके अलावा सैकड़ों मासूम बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और जवानों को अपना बलिदान देना पड़ा जो माओवादी हिंसा के शिकार हुए यह हमारे संकल्प को और अधिक दृढ़ बनाती है। आईजी ने कहा कि हमारा नेतृत्व इस उद्देश्य के प्रति पूर्णतः समर्पित है। सैनिक इस मिशन के लिए अत्यधिक प्रेरित हैं।

## हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

# परिवार के सदस्यों में से कोई भी एक सरकारी सेवा में है तो नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अनुकंपा नियुक्ति को लेकर दायर याचिका की सुनवाई के बाद जस्टिस बीडी गुरु ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि परिवार के सदस्यों में से एक सरकारी सेवा में है, तो अनुकंपा नियुक्ति के लिए आश्रित के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। सिंगल बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है। प्रमुख पक्षकार बिलासपुर नगर निगम की ओर से अधिवक्ता संदीप दुबे ने पैरवी की। बहतराई अटल निवास बिलासपुर निवासी मुरारीलाल रक्सेल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मां की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी मां नगर निगम बिलासपुर में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत थीं। 21 अक्टूबर 2020 को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उनकी मृत्यु हो गई। याचिका के अनुसार वह अपनी मां के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसने 22 फरवरी 2021 को सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ नगर निगम में आवेदन किया। नगर निगम ने 13 सितंबर 2023 को कहा-याचिकाकर्ता के पिता पहले से ही नगर निगम में सरकारी कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं, इसलिए वह अनुकंपा नियुक्ति का हकदार नहीं हैं।

### प्रावधानों के अनुसार पात्रता नहीं- निगम

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि पिता लंबे समय से उससे अलग रह रहे हैं और वह अपनी मां पर आश्रित था, जिनकी 21 अक्टूबर 2020 को सेवा के दौरान मृत्यु हो गई थी। नगर निगम बिलासपुर की ओर कहा गया कि वर्तमान में प्रचलित नीति के अनुसार, यदि मृतक कर्मचारी के परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में है, तो परिवार के अन्य सदस्य की अनुकंपा नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

# प्राचार्य प्रमोशन पर हाईकोर्ट की रोक

**सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को अवमानना नोटिस जारी**

बिलासपुर। प्राचार्य प्रमोशन को लेकर शिक्षा विभाग को बड़ा झटका लग गया है। हाईकोर्ट ने प्रमोशन की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। सुनवाई के पहले प्रमोशन आदेश जारी करने के फैसले पर हाईकोर्ट ने तीखी नाराजगी जताते हुए अवमानना का नोटिस भी जारी कर दिया है। इस मामले में अब 7 मई को अगली सुनवाई होगी। दरअसल प्राचार्य प्रमोशन को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिकाएं लगी हैं। एक मामला 2019 से जुड़ा हुआ है, जबकि दूसरा प्रकरण 2025 और बीएड-डीएलएड से जुड़ा है। 28 मार्च 2025 को जब हाईकोर्ट की पिछली सुनवाई हुई थी, तो सरकार की ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया गया था कि अगली सुनवाई तक प्राचार्य प्रमोशन का आदेश जारी नहीं किया जाएगा। पिछली सुनवाई में उन्होंने हाईकोर्ट में सभी केस को एक ही साथ सुनवाई के लिए आवेदन किया था। ये अंडरटेकिंग भी दिया था कि अगली सुनवाई तक प्राचार्य प्रमोशन का आदेश जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट की सुनवाई 1 मई तय की गई थी, लेकिन इससे पहले ही 30 अप्रैल को हाईकोर्ट में दिए अपने ही अंडरटेकिंग के खिलाफ जाकर प्राचार्य प्रमोशन की लिस्ट जारी कर दी।

## लगातार ट्रेनें कैंसिल होने से रेलयात्रियों की समस्याएं नहीं हो रहीं कम

# वंदेभारत और बरौनी सहित 20 ट्रेनों के पहिए थमेंगे 7 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन के बाद अब नागपुर डिवीजन के राजनांदगांव से कलमना स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का काम करने के लिए हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनों के साथ वंदेभारत और बरौनी सहित 20 से अधिक ट्रेनों को 7 मई तक अलग-अलग दिनों में रद्द करने का निर्णय लिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत नागपुर मंडल के राजनांदगांव से कलमना रेल खंड के बीच तीसरी रेल लाइन को गोंदिया रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य, इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य 4 मई और 5 एवं 6 मई तक किया जाएगा। रेलवे के अनुसार राजनांदगांव से कलमना तक बनने वाली तीसरी लाइन 228 किलोमीटर है, जिसकी लागत 3544 करोड़ रुपए है। इस



कार्य के कारण 50 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का आर्डर दिया गया है। रद्द ट्रेनों के साथ कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से भी चलाई जाएगी, इसमें 1 मई को 16367 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर, 4 मई को 16368 बनारस-कन्याकुमारी एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 3 मई को 12152 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 5 मई को 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर एवं इटारसी होकर और 5 मई को 12390 चेन्नई-गया एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर चलेगी। इसके अलावा 3 से 7 मई तक अप-डाउन गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर, 4 और 6 मई को ओखा-हावड़ा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पूरी एक्सप्रेस, 2 और 4 मई को पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 4 व 6 मई को हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मेल एक्सप्रेस, 2 से 6 मई बरौनी गोंदिया और 3 से 7 मई तक गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, 3 व 5 मई को हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस सहित कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस शामिल है।

### 193 किलोमीटर का हुआ कार्य

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव से कलमना तीसरी लाइन परियोजना की लंबाई 228 किलोमीटर है, जिसे 3544 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना में 193 किलोमीटर तीसरी लाइन जुड़ चुके हैं। रिमॉडलिंग के बाद गोंदिया यार्ड में 10 रेल लाइन और 505 रूट होंगे, जिससे यह चार दिशाओं दुर्ग, नागपुर, जबलपुर और बल्हारशाह के लिए गोंदिया स्टेशन प्रमुख जंक्शन बन जाएगा। इसमें 8 पुराने पाइंट्स को हटाने के बाद 16 नए पाइंट्स जोड़ने के साथ 1400 मीटर ट्रैक को बदला गया। 44 ओएचई मास्ट और 4 पोर्टल हटाए गए तथा 55 नए मास्ट व 5 पोर्टल लगाए गए हैं।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## 1900 से कम रेट तो रि-टेंडर का प्रावधान

रायपुर। मंत्रिमंडलीय उप समिति द्वारा राज्य में धान की नीलामी का बेस रेट जारी किए जाने के बाद जिल स्तर पर आदेश का इंतजार किया जा रहा है। धान खरीदी के लिए खरीदारों ने बोली लगाई है। रायपुर जिला विपणन अधिकारी जेवी सिंह ने बताया कि मुख्यालय से बेस रेट का आदेश आने के बाद इसका खुलासा किया जाएगा। बताया गया है कि 1900 से 2100 के बीच बोली आने पर संग्रहण केंद्रों से धान दिया जाएगा। राज्य सरकार ने रेट तय कर दिया है, पर अभी तक जिलों में इस संबंध में जानकारी नहीं है। डीएमओ का कहना है कि 1900 से कम दर पर बोली लगने पर निगोशिएशन कर मार्कफेड मुख्यालय के आदेश के अनुसार स्वीकृत किया जाएगा। बेस रेट से कम दर आने पर रि-टेंडर किए जाने का प्रावधान है।

**पखवाड़े भर से चल रही प्रक्रिया अभी शुरुआत, किसी को इस रेट पर अलाट नहीं हुआ अभी धान**

# सरकार ने 3100 में खरीदा धान, नीलामी के लिए बोली आ रही 2000 तक, एक क्विंटल में एक हजार का घाटा

### धान का रेट आक्सन

| | |
|---|---|
| 2150 | में पुराने जूट बैग में धान पतला |
| 2100 | में नया जूट बैग धान पतला |
| 1900 | में पुराना मोटा |
| 1950 | नया मोटा |

रायपुर- सुरेंद्र शुक्ला, राजनांदगांव- सत्यम शर्मा, बिलासपुर- विकास चौबे, कवर्धा- महेश मिश्रा, दुर्ग- राहुल शर्मा

हरिभूमि खास

धान की बंपर खरीदी और केंद्र से चावल का कोटा नहीं बढ़ाए जाने से अतिरक्त धान की नीलामी में इस बार सरकार को घाटा उठाना पड़ सकता है। इसकी बड़ी वजह है नीलामी में बड़ी बोली यानी अच्छा रेट का नहीं आना है। जिलों से आए आंकड़े बताते हैं कि प्रति क्विंटल धान का भाव बाजार के रेट से भी कम आ रहा है। इस लिहाज से सरकार को हजार रुपए क्विंटल का घाटा संभावित है। सरकार ने प्रदेश में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मिलर्स कह रहे, बाजार के हिसाब से बोली

इस मामले को लेकर हरिभूमि ने जब प्रदेश के अलग-अलग जिलो के राइस मिलर्स से बात की तो अधिकांश ने मंडी में मौजूदा भाव के हिसाब से बोली लगाने की बात कही। वहीं कुछ मिलर्स ने यह भी कहा कि ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया में धान की क्वालिटी उन्हें पता नहीं होता है। ऐसे में नुकसान से बचने के लिए कुछ कम दाम की ही बोली लगाई जा रही है। हालांकि मांग करने पर मिलर्स को संग्रहण केंद्रों से धान के सैंपल दिए जा रहे हैं। इसके अलावा गर्मी में धान की नमी समाप्त होने लगती है, जिससे उसकी मिलिंग करने पर चावल के टूटने की संभावना बढ़ जाती है। इन सभी के कारण ही बोली कम लगाई जा रही है।

### जिलों का हाल


**कबीरधाम :** अतिरिक्त धान की नीलामी कबीरधाम जिले में 19 अप्रैल को बाजार चारभाठा (कवर्धा) और 22 अप्रेल को बघर्रा (पंडरिया) में पूरी की गई। शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 23 सौ रुपए निर्धारित था, लेकिन राइस मिलरों ने 17 सौ से 2 हजार रुपए तक बोली लगाई है। वहीं कुछ बाहरी पोहा मिल वालों ने 24 सौ तक भी बोली लगाई है। वहीं कबीरधाम जिले की मंडी प्रांगणों में अभी धान का आवक नहीं है, मंडी क्षेत्र में धान की कीमत 21 सौ 22 सौ चल रही है।

**बिलासपुर :** बिलासपुर की बात करें तो अभी भी उपार्जन केन्द्रों में 9 लाख क्विंटल धान पड़ा है। इसके साथ ही मुंगेली जिले के पांच लाख क्विंटल धान की नीलामी भी बिलासपुर से होनी है। जिले के 32 राइस मिलर्स ने राज्य स्तर पर जारी इस टेंडर में बोली लगाई है। सबसे अधिक बोली 2752 रुपए की प्रति क्विंटल और सबसे कम 1912 रुपए की लगाए जाने की जानकारी मिली है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भगवान जगन्नाथ के रथ का निर्माण शुरू



**पुरी।** ओडिशा के पुरी में वार्षिक रथ यात्रा के लिए रथ बनाने की प्रक्रिया यहां 12वीं शताब्दी के श्री जगन्नाथ मंदिर में 'अक्षय तृतीया' अनुष्ठान के साथ शुरू हो गई। मंदिर में परंपरा के अनुसार भगवान की 42 दिवसीय 'चंदन यात्रा' की भी शुरुआत हुई। सेवादारों ने मंदिर के बाहर 'ग्रैंड रोड' पर 'रथ खला' (रथ बनाए जाने वाली जगह) में विशेष पूजा की।

### फोन पर तीन तलाक महिला ने की आत्महत्या



**गोरखपुर।** गोरखपुर के चौरी-चौरा इलाके में पति द्वारा फोन पर कथित रूप से तीन तलाक दिए जाने से एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में लापरवाही बरतने पर एक दारोगा को निलंबित कर दिया गया है। चौरी चौरा इलाके में 23 वर्षीय विवाहिता सानिया ने सोमवार देर रात खुदकुशी कर ली।

### अमृतसर से दो हथगोले तीन पिस्तौल बरामद



**पंजाब।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने अमृतसर जिले के एक गांव से दो हथगोले समेत हथियारों तथा गोलाबारूद का जखीरा बरामद किया है।अमृतसर के भरोपाल गांव के पास बुधवार शाम बीएसएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान यह बरामदगी हुई।

### निर्वाचन आयोग जुटाएगा मौत के आंकड़े



**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों की त्रुटिहीनता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग अब भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण आंकड़ा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इससे निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को पंजीकृत हुए मौत के आंकड़ों के बारे में जानकारी मिल जाएगी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का गुरुवार को अहमदाबाद में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं। करीब 90 प्रतिशत तक जलने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई।

### पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत का रुख सख्त, एक्शन की तैयारी

# राजनाथ से अमेरिकी रक्षामंत्री ने की बात, शाह का ऐलान- हर आतंकी को चुन-चुनकर मारेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले ले रहा है। गुरुवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह से फोन पर की बात और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चर्चा की। इधर, दिल्ली के एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तल्ख लहजे में कहा कि पहलगाम हमले का चुन-चुनकर बदला लिया जाएगा। ये नरेंद्र मोदी का भारत है।*

भारत ने पिछले 9 दिन में जमीन, पानी और हवा, हर मोर्चे पर पाकिस्तान को पटखनी देने के लिए कई सख्त कदम उठाए हैं। भारतीय नौसेना का जंगी जहाज आईएनएस सूरत पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात किया गया है। भारतीय नौसेना ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। पिछले दिनों अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है। नौसेना के कमांड अधिकारी कैप्टन संदीप शोरे ने कहा कि देश के सबसे उन्नत और शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक आईएनएस सूरत को सूरत लेकर आना मेरे लिए गर्व की बात है। जिस तरह से शहर में उनका और युद्धपोत का स्वागत किया गया, वह पूरे दल के लिए सम्मान की बात रही।

बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले ले रहा है। सरकार ने बुधवार को पाकिस्तानी विमानों के लिए एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया. इससे पहले हमले के अगले ही दिन यानी 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों से जुड़ी कैबिनेट कमेटी की बैठक हुई थी। इस मीटिंग में पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए गए थे।

भारत ने सबसे पहले पाकिस्तानी नागरिकों को अपनी जमीन से खदेड़ने के लिए अटारी बॉर्डर चेक पोस्ट ▶▶|शेष पेज 7 पर

## अरब सागर में एंटी शिप-एंटी एयरक्राफ्ट की फायरिंग प्रैक्टिस



### ध्रुव हेलिकॉप्टर फिर से ऑपरेशन के लिए तैयार

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव के सेना और वायुसेना ऑपरेशनल उपयोग के लिए मंजूरी मिल गई है। यह फैसला डिफेक्ट इन्वेस्टिगेशन कमेटी की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। इससे पहले एएलएच हेलिकॉप्टरों को तकनीकी कारणों से अस्थायी रूप से रोका गया था और जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में सामने आए तकनीकी खामियों को दूर करने के बाद अब इन्हें सुरक्षित और ऑपरेशन के लिए फिट माना गया है। एएलएच ध्रुव, देश में विकसित हेलिकॉप्टर है, जिसे भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना विभिन्न ऑपरेशनों के लिए उपयोग करती हैं।

### भारत के साथ आया अमेरिका

रक्षा मंत्री कार्यालय के अनुसार, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के नागरिकों की मौत पर दुख जताया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, सेक्रेटरी हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के मजबूत समर्थन के वादे को दोहराया।

**शाह बोले-**

### आतंकवाद के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई

गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम हमले का चुन-चुनकर बदल लिया जाएगा। ये नरेंद्र मोदी का भारत है। गृह मंत्री ने कहा, आज फिर से ये संकल्प याद दिलाना चाहता हूं कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, चाहे वामपंथी उग्रवाद हो या फिर कश्मीर का मुद्दा अगर कोई कायराना हरकत करता है तो किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। शाह ने कहा कि इंच-इंच भूमि से आतंकवाद को मिटा देंगे। लामबंद होकर दुनिया के सभी देश आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं। जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा तब तक उनको दंड दिया जाएगा।

# बिल पास करने मांगे 10 हजार, शिकंजे में संगणक-लेखापाल



आरोपी भानु सोनी | आरोपी कौशलेन्द्र | आरोपी नंदराम पैकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/सूरजपुर

एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एसीबी ने सरगुजा के उदयपुर सीएचसी में पदस्थ संगणक और लेखापाल को टीए बिल पास करने के नाम पर दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है जबकि सूरजपुर जिला मुख्यालय में चौहद्दी बनवाने और सीमांकन करने के नाम पर 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए एक पटवारी को पकड़ा है। एसीबी द्वारा की गई कार्रवाई से जिलेभर में हड़कंप मच गया है।

- एसीबी की टीम ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

फिलहाल एसीबी द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम खम्हरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सहायक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इन पर हुई कार्रवाई

एसीबी द्वारा मामले में सीएचसी उदयपुर में पदस्थ उदयपुर जामडीह हाल मुकाम अंबिकापुर गंगापुर निवासी संगणक 43 वर्षीय कौशलेन्द्र प्रसाद पाण्डेय आ. स्व. चंद्रिका प्रसाद पाण्डेय व महुआ पारा अंबिकापुर निवासी लेखापाल 57 वर्षीय नन्द राम पैकरा आ. स्व. रामदास को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 एवं 12 पीसी एक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है।

### सीमांकन के लिए मांगे 40 हजार

सूरजपुर जिले में भी गुरुवार को एंटी करप्शन ब्यूरो को टीम ने कार्रवाई की। एसीबी द्वारा पटवारी को 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर वार्ड क्रमांक 13 नेहरू पार्क रोड निवास मनीष जिन्दिया ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर ग्राम नयनपुर में स्थित 0.08 हेक्टेयर भूमि की खरीदी की थी। जमीन खरीदने के बाद मनीष जिन्दिया द्वारा राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज होने के बाद भूमि की चौहद्दी ▶▶|शेष पेज 7 पर

# नए नियम से बोहनी...न पटवारी न तहसीलदार, रजिस्ट्री होते ही बी-वन खसरे में मालिक का नाम

- पहली रजिस्ट्री बलौदाबाजार में, नवा रायपुर आरंग में भी
- अब दस्तावेज में गलत नाम भी नहीं हो सकेगा दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में जमीन-जायदाद के पंजीयन के मामले में एक बड़ी पहल अब रंग ला चुकी है। सरकार ने यह व्यवस्था बनाई कि पंजीयन होने के तुरंत बाद संपत्ति खरीदने वाले के नाम पर नामांतरण हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत एक दिन पहले ही बलौदाबाजार जिले में एक रजिस्ट्री की गई। जैसे ही रजिस्ट्री हुई, मालिक का नाम बी-वन खसरे में दर्ज हो गया। अब नामांतरण के लिए पटवारी, तहसीलदार के पास जाने की जरूरत हमेशा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पहले ऑटोमेटिक नामांतरण इनके नाम

बताया गया है कि बलौदाबाजार जिले में विक्रेता राजेंद्र प्रसाद पिता काशी प्रसाद ने क्रेता प्रसन्न शुक्ला पिता प्रवीण शुक्ला ग्राम लिमही तहसील बलौदाबाजार को अपनी जमीन बेची थी। जैसे ही यह रजिस्ट्री हुई मालिक का नाम बी-वन खसरे में दर्ज हो गया। इधर नवा रायपुर में भी एक रजिस्ट्री और नामांतरण हुआ है। श्रीमती पिटु ब्रम्हा व अन्य ने मंदिर हसौद की अपनी जमीन वेदप्रकाश सिन्हा को बेची। पंजीयन के बाद फौरन नामांतरण हुआ है। खरीदार के नाम प्रमाणपत्र भी जारी हो गया। खसरा में यह दर्ज किया गया है कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अब संपत्ति खरीदने वालों को नहीं होगी परेशानी

राज्य में दशकों से यह व्यवस्था बनी हुई थी कि अगर कोई व्यक्ति जमीन, मकान या अन्य कोई संपति खरीदता है तो उसका पंजीयन रजिस्ट्री दफ्तर यानी पंजीयन कार्यालय में किया जाता है। यहां तक की प्रक्रिया आसान है। लेकिन पंजीयन के बाद भी संपत्ति खरीदने वाला मालिक तब तक नहीं बनता है, जब तक उसके नाम पर संपत्ति का नामांतरण या प्रमाणी करण न हो। लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद संपत्ति खरीदने वालों को मालिक बनने में देर नहीं लगेगी।

# होटल में आग, चार जिंदा जले...

### अजमेर में अग्निकांड

- 2 पुरुषों, 1 महिला और 1 बच्चे की मौत
- 7 घायलों का चल रहा उपचार
- 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया



### इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान मोहम्मद जाहिद, शबनम नूरानी, उनके बेटे अरमान नूरानी और अल्फाज के रूप में हुई। घायलों में अग्निशमन विभाग की महिला कांस्टेबल भी शामिल हैं।

**जयपुर।** अजमेर शहर के डिग्गी बाजार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक होटल में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मृतकों में दो पुरुष, एक महिला और चार साल का एक बच्चा शामिल है। वे अजमेर दरगाह पर जियारत करने के लिए अजमेर आए थे। पांच मंजिला होटल के कुछ मेहमानों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने घटना पर दुख जताया है।

**लेवी वसूली का मामला**

# नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी को मार दी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसमी

थाना क्षेत्र से लगे सरहदी गांव ओरसापाठ में बीती रात नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को आग के हवाले करने के साथ ही ठेकेदार के मुंशी की गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि घटना झारखंड की सीमा में आने वाले लातेहार के महुआडांड का है लेकिन ▶▶|शेष पेज 7 पर

- पड़ोसी जिले के सरहदी गांव ओरसापाठ क्षेत्र की घटना



### झारखंड में हुई है घटना

यह पूरा मामला लेवी वसूली से जुड़ा है। घटना स्थल झारखंड की सीमा में आता है। हमारी झारखंड पुलिस से बात हुई है और अगर उन्हें किसी मदद की जरूरत होगी तो हमारी ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

**- वैभव बैंकर** रमनलाल एसपी बलरामपुर

### 1 मई से लागू हुए बड़े बदलाव, आम आदमी की जेब पर सीधा असर

# विमान ईंधन-कमर्शियल सिलेंडर सस्ता, एटीएम से कैश लेना महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

1 मई 2025 से देशभर में बैंकिंग और रेलवे से जुड़े कई बड़े बदलाव लागू हो गए हैं, जिनका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। अब एटीएम से मुफ्त ट्रांजैक्शन की सीमा कम कर दी गई है और शुल्क बढ़ा दिया गया है। रेलवे ने वेटिंग टिकट को केवल जनरल कोच तक सीमित कर दिया है, जिससे स्लीपर या एसी कोच में यात्रा संभव नहीं होगी। इस बीच, राहत की खबर यह है कि 1 मई से विमान ईंधन 1,401.37 रुपए प्रति किलोलीटर और कमर्शियल सिलेंडर 14.50 रुपए सस्ता हुआ है। गौरतलब है कि हर महीने की पहली ▶▶|शेष पेज 7 पर

### एटीएम से कैश निकालना महंगा

अब मेट्रो शहरों में एक महीने में केवल 3 बार और गैर-मेट्रो शहरों में 5 बार मुफ्त लेनदेन की सुविधा मिलेगी। इसके बाद हर ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये तक का चार्ज देना होगा। एटीएम से बैलेंस चेक करने पर अब 7 रुपए शुल्क लगेगा जो पहले 6 रुपए था।



### मई में 12 दिन बैंक रहेंगे बंद

आरबीआई ने मई महीने की बैंक छुट्टियों की लिस्ट जारी कर दी है. इस महीने कुल 12 दिन बैंक बंद रहेंगे, जिनमें दूसरा और चौथा शनिवार, रविवार, और विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले पर्व शामिल हैं, जैसे बुद्ध पूर्णिमा और महाराणा प्रताप जयंती। बैंक में जाने से पहले छुट्टियों की जांच जरूर कर लें।

### एफडी पर घटे ब्याज दरें

आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 0.25% की कटौती के बाद कई बैंकों ने एफडी की ब्याज दरें घटा दी हैं। इसके साथ ही, कुछ बैंकों ने उच्च ब्याज दर वाली योजनाएं बंद कर दी हैं। निवेशकों को अपनी एफडी रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ सकता है।

### 43 से घटकर 28 रहेंगे आरआरबी बैंक

सरकार ने एक राज्य, एक आरआरबी योजना के तहत देशभर के 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का विलय कर अब इनकी संख्या घटाकर 28 कर दी है. यह निर्णय ग्रामीण बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया है।

### रेलवे टिकट बुकिंग में बड़ा बदलाव

अब से वेटिंग टिकट केवल जनरल कोच के लिए मान्य होगा। यदि कोई यात्री वेटिंग टिकट के साथ स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करता पाया गया, तो टीटी उसे सामान्य डिब्बे में भेज सकता है या जुर्माना लगा सकता है।

# सबसे लंबे वेडिंग गाउन से लेकर सबसे लंबे फैशन-शो तक, फैशन से जुड़े अनोखे विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** हर व्यक्ति चाहता है कि उसका फैशन और स्टाइल सबसे अलग और खास हो। इसके लिए कुछ लोग इंटरनेट का सहारा लेते हैं तो कुछ खुद ही अपने स्टाइल को रूप देते हैं। कई बार यही फैशन उन्हें ऐसी ऊंचाइयों पर ले जाता है कि वे पूरी दुनिया में नाम कमा लेते हैं। आज हम आपको फैशन से जुड़े कुछ अनोखे विश्व रिकॉर्ड के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।



### सबसे लंबे वेडिंग गाउन का रिकॉर्ड

*9 दिसंबर, 2017 को फ्रांस में दुनिया का सबसे लंबा वेडिंग गाउन बनाया गया था, जिसका नाम गिनीज बुक में शामिल किया गया है। इस गाउन की टेल यानि घेर की लंबाई करीब 8,095.40 मीटर है और इसे डायनामिक प्रोजेक्ट्स नामक दुकान ने बनाया था। 15 लोगों ने दान में मिले कपड़ों को एक साथ जोड़कर टेल बनाने में 2 महीने का समय लगाया था। इसके बाद इसे बेल्ट में लगाकर ड्रेस के साथ जोड़ दिया गया था।*



### सबसे लंबे फैशन शो का रिकॉर्ड

फैशन शो आम तौर पर कुछ घंटों तक चलते हैं, जिसके दौरान अलग-अलग डिजाइनर अपने बनाए हुए कपड़ों को दिखाते हैं। पेशेवर मॉडल्स ये कपड़े पहनती हैं और दर्शकों के बीच रैंप वाक करती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया का सबसे लंबा फैशन शो 30 घंटे तक चला था। इसे यूनाइटेड किंगडम की ब्लॉसम चैरिटी ने इप्सविच में आयोजित किया था, जो 13 से 14 अक्टूबर, 2017 तक तक चला था।

### सबसे जल्दी कपड़े पहनने का रिकॉर्ड

आम तौर पर महिलाएं तैयार होने में घंटों लगा देती हैं। हालांकि, एक महिला ने कुछ सेकंड में कपड़े बदलकर अपना नाम गिनीज बुक में शामिल कर लिया है। सबसे जल्दी राजकुमारी की तरह कपड़े पहनने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड 17.28 सेकंड का है। यह रिकॉर्ड शेरी शेफर्ड नामक महिला के नाम दर्ज है, जिसे उन्होंने 14 नवंबर, 2024 को बनाया था। बता दें कि यह रिकॉर्ड न्यूयॉर्क में पूरा किया गया था।



### एक फैशन शो में सबसे ज्यादा मॉडल का रिकॉर्ड

औसतन एक फैशन शो में करीब 20 से 40 मॉडल्स शामिल की जाती हैं। शो की भव्यता और दायरे के आधार पर यह संख्या अलग-अलग हो सकती है। हालांकि, न्यू ऑरलियन्स के लुइसियाना में एक ऐसा फैशन शो करवाया गया, जिसमें कुल 430 मॉडल शामिल हुई थीं। यह शो 'यू नाईट इवेंट्स', 'पॉजिटिव इमेज मॉडलिंग' और 'शीक नॉवेल वर्ल्डवाइड मॉडल मैनेजमेंट' ने मिलकर आयोजित किया था। इसे 'रिबन रॉक द रनवे' नाम दिया गया था।

## रोचक खबरें

## दुनिया का एकमात्र मंदिर जहां गिलहरी के रूप में विराजित हैं हनुमानजी

**अलीगढ़।** देश के कोने-कोने में हनुमानजी के लाखों मंदिर हैं। हर मंदिर का एक विशेष महत्व होता है। इन सभी मंदिरों में हनुमानजी की पूजा अलग-अलग तरीके से की जाती है। हनुमानजी का एक ऐसा अनोखा मंदिर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में है जो पूरी दुनिया में मशहूर है। क्योंकि इस मंदिर में हनुमानजी महाराज गिलहरी के रूप में विराजमान हैं। इस मंदिर को गिलहराज हनुमान मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां लगातार 41 दिनों तक पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। गिलहराज हनुमान मंदिर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अचल ताल झील के तट पर स्थित है। यह मंदिर कितना पुराना है यह कोई नहीं जानता। ऐसा माना जाता है कि यह भारत का एकमात्र मंदिर है जहां भगवान हनुमान की गिलहरी के रूप में पूजा की जाती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जब भगवान राम राम सेतु का निर्माण कर रहे थे, तब भगवान राम ने हनुमानजी को कुछ देर आराम करने के लिए कहा, लेकिन हनुमानजी ने आराम नहीं किया। उन्होंने गिलहरी का रूप धारण किया और पुल बनाने में रामसेना की मदद की। भगवान राम ने गिलहरी के रूप में हनुमानजी को देखा और उन पर अपना हाथ फेर दिया, जिसके बाद गिलहरी की पीठ पर भगवान के हाथ की वही रेखा बन गई, जिसे आज भी देखा जा सकता है। गिलहराज मंदिर के महंत कैलाश नाथ ने बताया कि श्री महेंद्रनाथ योगीजी महाराज हनुमानजी को स्वप्न में मिले और कहा कि मैं अचल ताल पर हूं, वहीं मेरी पूजा करो। जब उन्होंने वहां जाकर खोजबीन की तो उन्हें मिट्टी के ढेर पर बहुत सारी गिलहरियाँ मिलीं, जब उन्होंने उसे खोदा तो उन्हें वह मूर्ति मिली। यह मूर्ति गिलहरी के रूप में हनुमानजी की थी। तभी से यह मूर्ति मंदिर में स्थापित कर पूजा की जाने लगी।




## पेरिस में होने वाली है फ्रांस के सम्राट नेपोलियन की बेशकीमती तलवार की नीलामी

**पेरिस।** नेपोलियन बोनापार्ट का नाम फ्रांस के इतिहास में बेहद अहम है, क्यूंकि वह फ्रांसीसी सेना के सबसे सफल जनरलों में से एक थे। उन्होंने 1804-15 में फ्रांस के सम्राट के रूप में गद्दी संभाली थी। उन्हें इतिहास के सबसे महान सैन्य नेताओं में से एक माना जाता है, क्यूंकि उन्होंने अनेक लड़ाइयों में फ्रांसीसी सेना को विजय दिलाई थी। अब पेरिस में उनकी एक बेशकीमती तलवार नीलाम होने वाली है, जो आज भी उनके सैन्य कौशल की गाथा कहती है। इस तलवार को नीलाम करने का फैसला 'द गिक्वेलो ऑक्शन फर्म' नामक नीलामीघर ने किया है, जो पेरिस में स्थित है। उनके आधिकारिक बयान के मुताबिक, इसकी नीलामी अगले महीने आयोजित की जाएगी, जिसके लिए 22 मई की तारीख तय हुई है। नीलामी घर का अनुमान है कि इस नायाब तलवार की कीमत 6.82 करोड़ से लेकर 9.38 करोड़ रुपये के बीच लग सकती है। देखा जाए तो यह नीलामी इतिहास में दिलचस्पी रखने वालों के लिए बहुत अहम होगी। इस तलवार को खास तौर से नेपोलियन के लिए ही बनवाया गया था। उन्होंने 1802 में इस तलवार को आर्डर किया था और अपने पूरे शासनकाल में इसे अपने पास ही रखा था। उन्होंने 1815 में यह तलवार अपने करीबी सहयोगी इमैनुएल डी ग्राउची को सौंप दी थी और उन्हें अपने साम्राज्य का अंतिम मार्शल नामित किया था।




## टाइटैनिक हादसे में बचने वाले व्यक्ति का पत्र हुआ नीलाम, 3 करोड़ से ज्यादा लगी कीमत

**नई दिल्ली।** 15 अप्रैल, 1912 की काली तारीख को याद करके आज भी रूह कांप जाती है। इस दिन विशालकाय टाइटैनिक जहाज डूबा था और उसमें सवार 1,496 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, कई लोगों की किस्मत ने उनका साथ दिया और भगवान उनपर मेहरबान हुए, जिस कारण उनकी जान बच गई। अब टाइटैनिक हादसे में बचने वाले एक व्यक्ति का पत्र नीलाम हुआ है, जिसकी कीमत करोड़ों में लगाई गई है। यह पत्र प्रथम श्रेणी के यात्री कर्नल आर्चीबाल्ड ग्रेसी का है, जिन्होंने इसमें टाइटैनिक की त्रासदी का वर्णन किया है। पत्र पर 10 अप्रैल, 1912 की तारीख लिखी हुई है, जिस दिन वह जहाज पर चढ़े थे। ग्रेसी ने पत्र टाइटैनिक के केबिन सी51 से लिखा था। यह पत्र 11 अप्रैल, 1912 को आयरलैंड के क्वीन्सटाउन में जहाज के रोके जाने पर पोस्ट किया गया था। इस पर 12 अप्रैल की तारीख के साथ लंदन का पोस्टकार्ड भी चिपका था। इस पत्र की नीलामी का आयोजन रविवार को इंग्लैंड स्थित विल्टशायर के हेनरी एलड्रिज एंड सन नामक नीलामीघर ने किया था। इसे एक अज्ञात व्यक्ति ने खरीदा है और इसकी कीमत अनुमानित कीमत से 5 गुना ज्यादा लगी है। नीलामीघर ने इसकी कीमत 68 लाख रुपये तय की थी, लेकिन यह 3.41 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ है। नीलामीकर्ता ने बताया कि इस पत्र की कीमत टाइटैनिक जहाज पर लिखे गए किसी भी अन्य पत्र से अधिक है। इस पत्र को इससे पहले कभी बाजार में नहीं लाया गया था।



# कहीं मादा की दादागिरी, तो कोई लिंग बदलने में माहिर! दिमाग हिला देंगे जानवरों के ये सीक्रेट

**नई दिल्ली।** जंगली जानवरों की दुनिया में नर और मादा के बीच अंतर साफ दिखाई देता है। लेकिन, प्रकृति के नियम इतने आसान नहीं हैं। जानवरों के बारे में वैज्ञानिक लगातार रिसर्च कर रहे हैं और पता चल रहा है कि सेक्स और लिंग के मामले में इनके बीच कई तरह के अपवाद हैं। उदाहरण के तौर पर समुद्री घोड़ों में नर गर्भवती होता है और बच्चे को जन्म देता है। आपको ये बात सुनकर भले ही हैरानी हो, लेकिन इस तरह के कुछ अपवाद और भी हैं। आइए, आपको ऐसे ही सात जानवरों के बारे में बताते हैं।



### लकड़बग्घा

अफ्रीका के जंगलों में एक हैरान कर देने वाला जानवर रहता है- चित्तीदार लकड़बग्घा। इनकी दुनिया में मादाओं का राज चलता है। यहां शिकार से लेकर बच्चों की परवरिश तक, सब कुछ मादाएं ही करती हैं। नर लकड़बग्घों से मादा कहीं ज्यादा मजबूत और ताकतवर होती हैं। इनके शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर भी ज्यादा होता है। यहां तक कि सबसे कमजोर मादा लकड़बग्घा भी सबसे ताकतवर नर से ज्यादा शक्तिशाली होती है।

### सफेद गर्दन वाला जैकोबिन


सेंट्रल अमेरिका के सफेद गर्दन वाले जैकोबिन चिड़ियों पर एक नया अध्ययन हुआ है। इसमें पाया गया है कि लगभग 20 फीसदी मादा जैकोबिन चिड़ियों में चमकीले नीले और हरे रंग के पंख होते हैं। ये रंग नर जैकोबिन चिड़ियों जैसे ही होते हैं। इसके बावजदू उन्हें नर जैसा दिखने का फायदा मिलता है। दरअसल, नर जैकोबिन इस तरह की मादा चिड़ियों से दूर ही रहते हैं। वे सजावटी पंखों वाली मादाओं के पास जाने से बचते हैं और इसी वजह से इन मादा चिड़ियों को आसानी से अपना भोजन मिल जाता है।



### मल्लार्ड (जंगली बत्तख)

एक और उदाहरण है मल्लार्ड, जिसे नीलसर या जंगली बत्तख भी कहा जाता है। इनमें मादाओं के पंखों का रंग भूरा होता है, जो प्रकृति ने इन्हें खास मकसद से दिया है। दरअसल, इस रंग की वजह से ये बत्तख शिकारियों की नजर से छिप जाती हैं। हालांकि, नर मल्लार्ड के पंख चमकीले नीले और हरे होते हैं, लेकिन यही उनके आकर्षण को बढ़ाते हैं। मादाएं उनके पंखों के आधार पर 'सबसे कामुक' नर को चुनती हैं।





### एशियाई शीप्सहेड रैसे

जानवरों की दुनिया में विपरीत लिंग जैसा दिखने के कई फायदे होते हैं। एशियन शीप्सहेड व्रैसे जैसी कुछ मछली प्रजातियां तो अपने जीवनकाल में ही लिंग बदल लेती हैं। द कन्वर्सेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, इसे सीक्वेंशियल हेर्मैफ्रोडिटिज्म कहते हैं, जहां सबसे बड़ी मादा मछली नर में बदल जाती है। हार्मोन के स्तर में बदलाव से उनके अंडाशय, वृषण में बदल जाते हैं, जिससे वे अपने जीवनकाल में और भी बच्चे पैदा कर पाती हैं।

### समुद्र का गेंडा नरवाल

नरवाल, जिसे समुद्र का गेंडा भी कहते हैं। आर्कटिक क्षेत्र में पाए जाने वाले नर नरवाल में तीन मीटर तक लंबा एक घुमावदार दांत होता है। मादाओं को आकर्षित करने और प्रतिद्वंद्वी नरों को चेतावनी देने के लिए नर इस दांत का इस्तेमाल करते हैं। जिस नर का दांत सबसे बड़ा होता है, वही सबसे प्रभावशाली होता है और उसे प्रजनन के सबसे अधिक मौके मिलते हैं। हालांकि, कुछ मादा नरवाल में भी दांत पाए जाते हैं।



### बार्ड बटनक्वेल बच्चों को पालता है

दक्षिण एशिया में पाए जाने वाले बटेर की एक प्रजाति है- बार्ड बटनक्वेल। इनमें नर और मादा की भूमिकाएं पूरी तरह से उल्टी हैं। मादा बटेर नर से बड़ी होती हैं और उनके गले और छाती पर काला धब्बा होता, जो नर में नहीं होता। मादा बटेर जोर से आवाज निकालकर नर को आकर्षित करती हैं और अपने लिए साथी पाने के लिए लड़ती हैं। सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि एक बार संबंध बनाने के बाद, मादा बटेर दूसरा साथी ढूंढने निकल जाती है।



### मादा रूप धारण कर लेता है रफ पक्षी

जीवों के बीच रफ पक्षी एक ऐसा उदाहरण है, जो दिखाता है कि फायदे के लिए किस तरह नर पक्षी भी मादा रूप धारण कर सकते हैं। कुछ नर पक्षी प्रजनन के मौसम में मादा पक्षियों की नकल करते हैं, ताकि वे मादाओं के पास जा सकें और चुपके से प्रजनन कर सकें। यह रणनीति उन्हें प्रजनन का अवसर तो देती ही है, साथ ही वे शक्तिशाली नर पक्षियों को भी चकमा देते हैं।



# सांप से कम जहरीले नहीं हैं ये जानवर, जहर से करते हैं अपनी हिफाजत...छुआ भी तो आ जाएगी शामत

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून की दस्तक के साथ ही बारिश का दौर शुरू हो गया है। और इसके साथ ही रिहायशी इलाकों में सांपों के निकलने की खबरें भी आने लगी हैं। दरअसल, बरसात की वजह से सांपों के बिल में पानी भर जाता है, जिसके चलते अक्सर सांप बाहर निकलकर रिहायशी इलाकों में पहुंच जाते हैं। हालांकि, डरने की जरूरत केवल सांपों से ही नहीं है, बल्कि कुछ और जानवर भी ऐसे हैं, जिनके अंदर जहर भरा होता है। अपने इस जहर का इस्तेमाल ये जानवर खुद की हिफाजत और शिकार के लिए करते हैं। आइए, आपको ऐसे ही पांच जानवरों के बारे में बताते हैं।

### ब्लू-रिंग ऑक्टोपस

धरती पर मौजूद सबसे जहरीले जानवरों में ब्लू-रिंग ऑक्टोपस का नाम शामिल है। इसका जहर इतना खतरनाक होता है कि उसके असर से इंसान को लकवा तक मार सकता है। कई बार इंसान मर भी जाता है। हालांकि ये अपने जहर का इस्तेमाल ज्यादातर तभी करते हैं, जब इन्हें किसी से खतरा महसूस होता है।






### बिच्छू

जहरीले जीवों में बिच्छू भी शामिल है। ये अपनी पूंछ के जहरीले सिरे को आगे की ओर घुमाकर अपने शिकार को डंक मारते हैं। बिच्छू अपने जहर का इस्तेमाल शिकार को मारने और शिकारियों से बचने के लिए करते हैं। बताया जाता है कि धरती पर बिच्छू डायनासोर के युग से भी पहले से मौजूद हैं। हालांकि, दुनिया में मौजूद बिच्छुओं की केवल 30 या 40 प्रजातियों में ही इतना जहर मिलता है कि वे किसी इंसान को मार सकें।

### डार्ट मेंढक




पीले, नारंगी, लाल, हरे और नीले रंग वाले ये मेंढक जहर से भरे होते हैं। इनके शरीर पर बना रंगीन डिजाइन ही शिकारियों को बताने के लिए काफी होता है कि ये मेंढक जहरीला है। आपको जानकर हैरानी होगी कि एक डार्ट मेंढक के भीतर इतना जहर होता है कि वो 20 हजार चूहों को मारने के लिए काफी है।

### बुलेट चींटी



पूरी दुनिया में मौजूद चींटियों की 12 हजार से भी ज्यादा प्रजातियों में बुलेट चींटी सबसे खतरनाक होती है। इसका जहर इतना खतरनाक होता है कि अगर ये डंक मार दे तो 24 घंटों तक असहनीय दर्द रहता है। लाल भूरे रंग की ये चींटी आकार में करीब 2.5 सेमी तक होती है। इसके जबड़े काफी बड़े होते हैं और देखने में ऐसे ततैया की तरह नजर आती हैं, जिसके पंख ना हों।



### स्टोनफिश

स्टोनफिश एक ऐसी मछली है, जो अपनी हिफाजत के लिए धोखा देने में माहिर होती है। स्टोनफिश सबसे जहरीली मछली है, जो इंसानों के लिए बेहद खतरनाक होती है। छोटी-छोटी आंखों और बडे सिर वाली ये मछली चट्टानों के बीच कीचड़ और मुहाने में छिपकर रहती हैं। इन्हें आंखों से देखना मुश्किल होता है, लेकिन अगर गलती से इनके ऊपर पैर पड़ जाए, तो ये तुरंत अपने पंख की रीढ़ में बने खांचे के जरिए जहर को इंजेक्ट कर देती हैं।

## दुनिया के सबसे लंबे कुत्ते की लंबाई फुट में तो सबसे छोटे कुत्ते की इंच में



नई दिल्ली। अमेरिका के रहने वाले दुनिया के सबसे लंबे और सबसे छोटे कुत्तों के बीच लगभग 3 फीट का अंतर है और दोनों का एक दूसरे से मिलना काफी सुर्खियां बटोर रहा है। इससे दोनों ने यह साबित कर दिया कि सच्ची दोस्ती के लिए आकार मायने नहीं रखता है।गिनीज बुक के अनुसार, दुनिया का सबसे लंबा कुत्ता रेजिनाल्ड है, जिसकी लंबाई 3 फीट 4 इंच है, जबकि दुनिया के सबसे छोटे कुत्ते पर्ल की लंबाई 3.59 इंच है। सबसे बड़ा कुत्ता रेजिनाल्ड ग्रेट डेन नस्ल का 7 वर्षीय कुत्ता है। रेजिनाल्ड को उसके मालिक सैम एक पपी के तौर पर अपने घर में लाए थे और धीरे-धीरे उसकी लंबाई इतनी बढ़ गई कि आज उसका नाम गिनीक बुक में दर्ज है। सैम का कहना है, जब से मैंने उसे पाला है, तब से लेकर लगभग डेढ़ साल तक वो बढ़ता चला गया, लेकिन वह अभी भी दिल से एक छोटा पपी है और एक मानव बच्चे की तरह व्यवहार करता है। पर्ल चिहुआहुआ नस्ल का कुत्ता है, जो 4 साल का है। पर्ल को पहली बार इटली के शहर मिलान में टीवी शो 'लो शो देई रिकॉर्ड' के एक एपिसोड के दौरान दुनिया को दिखाया गया था। उसे अंडे के आकार की सीट पर मंच पर लाया गया था। पर्ल की मालकिन वेनेसा सेमलर ने बताया कि उनके पर्ल का स्वभाव बाकी चिहुआहुआ के मुकाबल बहुत शांत है और उनके पास तीन और कुत्ते हैं, लेकिन पर्ल ही बहुत छोटा है। वेनेसा ने बताया कि हाल ही में दोनों कुत्तों की मुलाकात को लेकर हम लोग काफी उत्सुक थे और पर्ल भी बड़े कुत्तों के साथ खुश रहता है। उन्होंने आगे बताया, जब दोनों कुत्ते मिले तो ऐसा लगा ही नहीं कि दोनों पहली बार मिले हो, सच में ये एक यादगार दिन रहा।

# 4 साल से कार में रह रहा यह सॉफ्टवेयर डेवलपर

**बीजिंग।** लोग अपनी मेहनत की कमाई लगाकर घर बनाते हैं, ताकि उनका जीवन आराम से बीते। हालांकि, क्या हो अगर आपको किसी कारण के चलते अपने शिद्दत से बनाए हुए घर को छोड़कर कार में जीवन बिताना पड़े? ऐसा ही कुछ चीन के रहने वाले एक सॉफ्टवेयर डेवलपर के साथ हुआ, जो अपने 4 मंजिला घर को छोड़कर 4 साल से अपनी कार के अंदर रह रहे हैं। हालांकि, उनकी असामान्य जीवनशैली का चयन पैसा बचाने के लिए नहीं है।

दक्षिणी चीन स्थित गुआंगडोंग प्रांत के यांगजियांग के रहने वाले झांग युनलाई 6 साल पहले शेनझेन चले गए थे। वह पेशे से एक सॉफ्टवेयर डेवलपर हैं और अपने गृहनगर में 4 मंजिला मकान के मालिक हैं। आलीशान घर होने के बावजूद वह पिछले 4 साल से अपनी कार में ही सोते हैं, खाते हैं और रहते हैं। इसका कारण कोई आर्थिक परेशानी नहीं है, बल्कि वह सिर्फ इसलिए ऐसा करते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह से रहना अच्छा लगता है।

### कैसे शुरू हुआ कार में सोने का सिलसिला?

काम के शुरूआती महीनों में वह रोजाना अपने फ्लैट से ऑफिस जाया करते थे, जिसका किराया 29,225 रुपये था। एक बार वह पार्क में कैम्पिंग करने गए, जिस अनुभव ने उन्हें जीवन जीने का एक नया तरीका अपनाने के लिए प्रेरित किया। झांग ने 4 साल पहले एक इलेक्ट्रिक कार खरीदी थी, जिसकी पिछली सीट पर गद्दा आसानी से रखा जा सकता था। तभी से वह ऑफिस से आने के बाद रोजाना रात को उसी में सोने लगे।



### बहुत कम हो गया है झांग का खर्चा

झांग ने बताया कि इस तरह की जीवनशैली अपनाने से उनका दैनिक खर्च लगभग 1,168 रुपये हो गया है, जिसमें खाना और अन्य चीजें शामिल हैं। पार्किंग के लिए हर रात उन्हें 70 रुपये देने होते हैं और ऑफिस में प्रतिदिन 233 रुपये का अतिरिक्त पार्किंग शुल्क देना पड़ता है। झांग इस बात पर जोर देते हैं कि उन्होंने ऐसी जीवनशैली केवल इसलिए अपनाई, क्योंकि उन्हें इससे खुशी मिलती है और यह स्वतंत्र और आरामदायक महसूस करते हैं।

### कुछ ऐसी है झांग की दिनचर्या

काम के दिनों के दौरान वह कंपनी के कैफेटेरिया में खाना खाते हैं, जिम में नहाते हैं और अपनी कार को चार्ज करने के लिए चार्जिंग स्टेशन का इस्तेमाल करते हैं। इसके बाद वह किसी पार्क में एक शांत जगह ढूंढते हैं, वाहन की पिछली सीटों को मोड़ देते हैं और उनपर गद्दा बिछाकर सो जाते हैं। पार्क में एक सार्वजनिक शौचालय है, जहां वह नहा-धो लेते हैं। सप्ताहांत में वह अपने कपड़े घर ले जा कर धोते हैं।

### छुट्टी होने पर चले जाते हैं घर

झांग वीकेंड पर 300 किलोमीटर की यात्रा करके अपने घर जाते हैं और परिवार संग समय बिताते हैं। वह हफ्ते में 3 दिन घर पर रहते हैं और इसी समय अपने कपड़े आदि भी धो लेते हैं।

मुंबई। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 का शानदार आगाज आज मुंबई में हुआ। यह समिट चार दिन चलेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समिट का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने गुरु दत्त समेत सिनेमा के पांच दिग्गजों के नाम पर डाक टिकट भी जारी किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजन जगत के लिए एक बड़ा मंच है, बल्कि इसने बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा के सितारों को एक साथ लाकर एकजुटता की मिसाल भी पेश की। समिट में पहुंचे सितारों की मौजूदगी ने इसे और खास बना दिया।

## वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 का शानदार आगाज

# एक मंच पर नजर आए अक्षय-शाहरुख से लेकर चिरंजीवी-मोहनलाल जैसे कलाकार

### एक साथ दिखे अनुपम-हेमा, अक्षय-रणवीर



ये आज की बेहद खास तस्वीर रही, जिसमें कई सितारे एक साथ बैठे हुए पीएम नरेंद्र मोदी का भाषण सुनते नजर आए। इस तस्वीर में अनुपम खेर, हेमा मालिनी, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट नजर आईं।

### साउथ से मोहनलाल, कमल हासन, चिरंजीवी



इस तस्वीर ने भी यूजर्स का खूब ध्यान खींचा। साउथ सुपरस्टार मोहनलाल ने यह तस्वीर अपने एक्स अकाउंट पर साझा की, जिसमें वह रजनीकांत, हेमा मालिनी, चिरंजीवी, अक्षय कुमार और मिथुन चक्रवर्ती के साथ पोज देते नजर आए। कमल हासन और चिरंजीवी एक-दूसरे के साथ गले मिलते और बात करते नजर आए।

### बड़े-बड़े सितारे उठा रहे लुत्फ




वेव्स 2025 के मंच पर बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भी अपनी दोस्ती से दिल जीत लिया। दोनों ने मंच पर एक साथ एंट्री की। इस दौरान दोनों ब्लैक ऑउटफिट में ट्विनिंग करते भी दिखे।

### पीएम का भाषण सुनते नजर आए कलाकार

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर, जैकी श्रॉफ ऑस्कर पुरस्कार विजेता संगीतकार एमएम किरावनी नुसरत भरूचा, विक्की कौशल, साउथ निर्देशक और निर्माता एसएस राजामौली, शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा कपूर, रितेश सिधवानी भी साथ बैठकर पीएम मोदी का भाषण सुनते नजर आए।

### चार दिवसीय कार्यक्रम है वेव्स 2025

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार को पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन किया। यह चार दिवसीय कार्यक्रम है। इसके पहले दिन मनोरंजन जगत के तमाम सितारे नजर आए। एसएस राजामौली के बगल में आमिर खान नजर आए तो वहीं, सुपरस्टार नागार्जुन के साथ राजकुमार राव की भी झलक मिली। साउथ अभिनेता सुरेश गोपी भी दिखे।



## मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एनर्जी ड्रिंक मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसेडर बन गई हैं। केनी डिलाइट्स ने एनर्जी ड्रिंक के बाजार में अपना नया प्रोडक्ट मैडमैक्स लांच किया है और इसके लिए सनी लियोनी को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। मेघा जैन, जिन्होंने केनी डिलाइट्स की नींव वर्ष 2012 रखी थी, हमेशा से ही लोगों को अच्छी और पौष्टिक चीजें देने में आगे रही हैं। अब मैडमैक्स के साथ उनकी कंपनी उन नौजवानों और भाग-दौड़ वाली जिंदगी जीने वालों तक पहुंचना चाहती है, जिन्हें तुरंत एनर्जी की ज़रूरत होती है। मेघा जैन ने कहा कि सनी लियोनी की पहचान और उनकी ऊर्जा हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा यह नया प्रयास पूरे देश में बड़ी पहचान बनाएगा।

## विश्व मनोरंजन शिखर सम्मेलन कल पंचायत' ने शामिल होकर रचा इतिहास

मुंबई। अभिनेता जितेंद्र कुमार और अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक 'पंचायत' के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। कुछ दिन पहले ही निर्माताओं ने 'पंचायत' के चौथे सीजन का ऐलान किया था, वहीं अब 'पंचायत' ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, यह पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वेब सीरीज 'पंचायत' को विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में शामिल कर लिया गया है। 'मेकिंग ऑफ पंचायत: ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग' नाम के इस सेशन में सीरीज के बारे में खास बात की जाएगी। इसका मकसद शो में दिखाई गई देसी और जमीनी कहानियों को सम्मान देता है। यह कार्यक्रम विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 के तीसरे दिन यानी 3 मई को होगा।





## अक्षय की 'हाउसफुल-5' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है।इस बीच मेकर्स ने हाउसफुल 5 का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह, डीनो मोरिया, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है।

## टीवी मसाला



## रामायण की 'सीता' को जब काम के आगे नहीं भाया घर-बार...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण भारतीय टेलीविजन का वह पौराणिक धारावाहिक है, जिसने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। इस सीरियल के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में इतनी शिद्दत और सच्चाई से काम किया कि आज भी उनके चेहरे लोगों की स्मृति में बसते हैं। सीता का किरदार निभाने वालीं दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में इस शो से जुड़ी कुछ भावुक यादें साझा कीं, जिन्होंने दर्शकों को एक बार फिर उस दौर में लौटा दिया। दीपिका ने बताया कि रामायण की शूटिंग कोई आसान काम नहीं था। इसके लिए टीम को अपने परिवारों से सालों दूर रहना पड़ा. महाराष्ट्र के बॉर्डर पर स्थित एक लोकेशन पर शूटिंग चल रही थी, जो कलाकारों के घरों से काफी दूर थी। ऐसे में त्योहारों के समय भी घर जाना मुमकिन नहीं होता था।

### सेट पर ही मनाने पड़े त्योहार

दीपिका ने खुलासा किया कि इस धारावाहिक के चलते उन्होंने और बाकी कलाकारों ने लगातार चार साल तक होली-दिवाली जैसा बड़ा त्योहार भी अपने घर पर नहीं मनाया.रामायण और उसके बाद लव-कुश सीरियल की शूटिंग मिलाकर यह सिलसिला लगभग चार साल तक चला. इस दौरान सभी कलाकार त्योहारों पर भी सेट पर ही रहे और वहीं छोटी-छोटी तैयारियों के साथ जश्न मनाया।

### सेलिब्रेशन दर्शकों के लिए था, हमारे लिए तपस्या

इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'दर्शकों के लिए रामायण एक बड़ा उत्सव था, लेकिन हमारे लिए यह एक साधना थी। हमें त्योहारों की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि हम जिस चीज के लिए काम कर रहे थे, वह बहुत खास थी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग की कठिन परिस्थितियों और निजी बलिदानों के बावजूद पूरी टीम ने दिल से काम किया, और जब यह सीरियल लोगों के दिलों में बस गया, तब उन्हें अपनी मेहनत का असली फल मिला।

### कभी नहीं खली कमी

इसी के साथ दीपिका ने कहा कि ये शो उनके और पूरी रामायण की टीम के लिए इतना खास था कि उन्हें ये बात कभी नहीं खली। उनकी मेहनत रंग लाई और आज भी ये भारत के सबसे पसंदीदा टीवी धारावाहिकों में से एक है।

## 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए निर्माता को गिरवी रखनी पड़ी संपत्ति, हुआ करोड़ों का नुकसान

*मुंबई। अक्षय कुमार की पिछले साल आई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ था। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म के जरिए निर्माताओं को करीब 250 करोड़ रुपये का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा था, क्योंकि फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। हाल ही में इस फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी के बताया कि कैसे इसे बनाने के लिए उनके परिवार ने अपनी संपत्ति तक दांव पर लगा दी थी। इंडियन एक्सप्रेस से जैकी ने कहा, मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी सीख रही है। हमने बहुत सारा पैसा निवेश किया और मुझे एहसास हुआ कि सिर्फ पैमाना या स्तर ही काफी नहीं होता। कहीं न कहीं हमें लगा कि जो कंटेंट बनाया गया था, वो दर्शकों को बिल्कुल पसंद नहीं आया। जनता हमेशा सही होती है। इसके परिणाम देख मुझे अहसास हुआ कि फिर से सोचना होगा और समझना होगा कि यह कंटेंट दर्शकों को क्यों पसंद नहीं आया।*

### हमने अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी : जैकी

जैकी बोले, बड़े मियां छोटे मियां की असफलता को मैंने गंभीरता से लिया और भविष्य में कभी ऐसी गलती न करने की कसम खा ली। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझ सकता है कि हमा उस वक्त किस दर्द से गुजर रहे थे। एक परिवार के तौर पर हमने इस फिल्म को बनाने के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी थी। हालांकि, हम जानते हैं कि अब कुछ भी कहने या बोलने का कोई मतलब नहीं है।



**फिल्म ने की थी बस इतनी कमाई :** अक्षय, टाइगर और निर्माताओं के साथ ही इस फिल्म से प्रशंसकों को भी काफी उम्मीदें थीं. लेकिन जब फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी तो सभी की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। पहले दिन फिल्म ने करीब 16 करोड़ रुपये का कारोबार करके कुछ हद तक अच्छे संकेत दिए थे, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई आधी हो गई।

***दो अलग-अलग पीढ़ी के कलाकार भी दर्शकों नहीं लुभा पाए :*** 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने लीड रोल निभाया था। दो अलग-अलग पीढ़ी के सितारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव हो सकता था, लेकिन ये जोड़ी दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने में नाकाम रही। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। यह फिल्म 11 अप्रैल 2024 को ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन फिर भी इसे त्योहार का फायदा नहीं मिल सका।

## बॉलीवुड की ये तीन हसीनाएं जब 'जीरो फिगर' को लेकर हुईं ट्रोल

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेसेज अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं। अपने काम को लेकर वह जितना गंभीर रहती हैं, उतना ही गंभीर वह अपनी फिटनेस को लेकर भी हैं। 'जीरो फिगर' में ढलने और उसे बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। लेकिन कभी-कभी इसी के चलते वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अनुष्का शर्मा, राधिका मदान और डायना हेडन के साथ... ये तीनों एक्ट्रेस ने 1 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके जन्मदिन के मौके पर चलिए आपको बताते हैं कि क्या हुआ जब इन तीनों को 'जीरो फिगर' के लिए खूब ट्रोल किया गया।*

### वजन कम करना राधिका के लिए बना परेशानी



साल 2014 में टीवी सीरियल 'मेरी आशिकी तुम से ही' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली राधिका मदान अब बड़े पर्दे पर धूम मचा रही हैं। अन्य एक्ट्रेस की तरह दिखने के लिए उन्होंने भी वजन कम किया, लेकिन ये उल्टा उन पर ही भारी पड़ गया और वह ट्रोलर्स के हत्थे चढ़ गईं।

### मिस वर्ल्ड डायना हेडन



डायना हेडन ने साल 1997 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। उन्हें अपने करियर में सांवले रंग को लेकर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह अपनी फिटनेस को लेकर भी जानी जाती हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था, जब वह अपने फिगर को लेकर काफी ट्रोल हुई थीं।

### अनुष्का ने ज्यादा वजन कम कर लिया



अनुष्का शर्मा आज इंडस्ट्री का जाना-पहचाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने फिल्मों में अपनी अलग जगह बनाई है। लेकिन 'मटरू की बिजली का मंडोला' में उन्होंने परफेक्ट फिगर पाने के लिए जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लिया था। कई लोगों को उनका ये लुक पसंद आया, तो कई लोगों ने इस पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा- 'इतनी पतली हो गई हो, कहीं गिर न जाओ', वहीं अन्य यूजर ने लिखा- 'बीमार तो नहीं हो आप।'

## जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए

# 'रेड 2': रितेश देशमुख जब पहली बार बने थे विलेन, सहम गए थे दर्शक


*मुंबई। बॉलीवुड में प्राण से लेकर, अमजद खान, अमरीश पुरी, प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर और गुलशन ग्रोवर जैसे कई सितारे रहे, जो अपनी खलनायकी से हीरो पर भी भारी पड़े। क्या आप जानते हैं कि सीधे-सादे सा दिखने वाले अभिनेता रितेश देशमुख जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए। यही नहीं, उनकी वो फिल्म भी जबरदस्त हिट रही। आइए 'रेड 2' में खलनायकी के लिए वाहवाही लूट रहे रितेश की उस फिल्म के बारे में जानें।*

### 'रेड 2' में भी छाए रितेश

फिलहाल रितेश 'रेड 2' के लिए खूब तारीफें लूट रहे हैं। उनकी खलनायकी को एक बार फिर सराहा जा रहा है। उन्होंने नकारात्मक भूमिका में फिर अपनी नई छवि गढ़ी है। अजय देवगन इस फिल्म के हीरो हैं और उनकी पत्नी बनी हैं वाणी कपूर।

### 'एक विलेन' थी वो फिल्म

हमेशा हीरो के साथ साइड रोल में दिखने वाले रितेश को जब पहली बार पर्दे पर खलनायक की भूमिका में देखा गया तो दर्शकों के साथ-साथ समीक्षक भी हैरान रह गए। लोगों को चेहरों पर अक्सर मुस्कान छोड़ जाने वाले रितेश ने साल 2014 में पहली बार फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभाया और सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उनकी खलनायकी न सिर्फ फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा पर भारी पड़ी, बल्कि अच्छे-अच्छों सितारों के पसीने छूट गए।



### रितेश को देख कांप गई थी दर्शकों की रूह

दरअसल, फिल्म में विलेन का किरदार इतना क्रूर था, जिसमें रितेश जैसे सामान्य भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता को देखने के बारे में कोई सोच भी नहीं कर सकता था। इसमें रितेश ने 'राकेश' नाम के एक सनकी सीरियल किलर का किरदार निभाया था, जो लड़कियों को बेरहमी से मौत के घाट उतार देता है। इस रोल को रितेश ने इतनी संजीदगी से पर्दे पर उतारा कि दर्शकों की रूह कांप गई।

**कमाई के मामले में मचाया कोहराम :** एक विलेन में अपनी खलनायकी के लिए रितेश ने कई पुरस्कार जीते थे। इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा और हीरोइन थीं श्रद्धा कपूर। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी। फिल्म का बजट महज 39 करोड़ रुपये था और इसने भारत में 105.76 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 100 करोड़ी बनी इस फिल्म के गाने भी लोगों को खूब पसंद आए थे। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है।

### इन 2 फिल्मों में भी निभाई नकारात्मक भूमिका

एक विलेन के बाद रितेश ने साल 2019 में आई फिल्म 'मरजावां' में विलेन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनका विलेन का किरदार जरा हटकर रहा। फिल्म में उन्होंने एक बौने का रोल किया था, जो की माफिया से जुड़ा है। इसमें सिद्धाथ मल्होत्रा और तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में थे। साल 2014 में रितेश ने मराठी फिल्म 'लय भारी' में डबल रोल किया था। एक रोल सीधे-सादे शख्स का था, तो दूसरा किरदार उनका एक गुंडे का रहा।

चिंतन

# भारत को वैश्विक केंद्र बनाएगा 'वेव्स'

विश्व के पहले दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन का भारत में होना इस क्षेत्र में हमारी अहमियत को दर्शाता है। एक मई से चार मई तक होने वाले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। सिनेमा, ओटीटी, सोशल मीडिया, वेबसाइट्स, रेडियो, मीडिया आदि उद्योग में अपार संभावनाएं हैं, अच्छे कंटेंट की हमेशा चुनौतियां हैं, इस क्षेत्र को गति देने की जरूरत है, एआई (आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस) जैसे टूल आने से सुविधा के साथ दिक्कतें भी बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले वेव्स सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है। पीएम का संदेश साफ है कि संवेदनशीलता के साथ मनोरंजन किया जाना चाहिए। हिंसा, अश्लीलता और रोबोटिक मनोरंजन से समाज निर्माण की यात्रा आगे नहीं बढ़ सकती है। दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन उद्योग को रचनात्मक जिम्मेदारी निभानी होगी। हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। पीएम की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं, जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। दरअसल, रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है। 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है, यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। वेव्स से भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम से दुनिया भर से निर्माता, कंटेंट बनाने वाले, फिल्म जगत व गेमिंग उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने की पहल की गई है। 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट' (वेव्स) फिल्मों, ओटीटी (ओवर द टॉप), गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स - एक्सटेंडेड रियलिटी), प्रसारण एवं उभरती हुई तकनीक को एक मंच प्रदान करेगा और खुद को भारत के मीडिया एवं मनोरंजन कौशल के व्यापक प्रदर्शन के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य 2029 तक 50 अरब अमेरीकी डॉलर के बाजार को सबके लिए खोलना तथा वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार करना है। भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगा। एआई और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी। वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार

इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है।

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से मजबूत है और पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत के पास दुनिया का कूटनीतिक समर्थन है और इन सबके साथ-साथ भारत की आर्थिकी दमदार और मजबूत है। इन आधारों पर भारत पाकिस्तान से सभी प्रकार के युद्ध में विजेता बनते हुए दिखाई दे सकेगा। वस्तुतः इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025 में यद्यपि दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार नीति में बदलाव के कारण विकास दर घटकर सिर्फ 2.3 फीसदी रह सकती है। पूरे दक्षिण एशिया में विकास दर 5.6 फीसदी रहने की संभावना है। कुछ देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भारी कर्ज और महंगे खाद्य पदार्थों के चलते दबाव में रह सकते हैं, लेकिन टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत में आर्थिक वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिज़र्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। भारत अपने मजबूत स्थानीय और घरेलू बाजार से किसी भी आर्थिक झटके का सामना करते



हुए आगे बढ़ने की संभावना रखता है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

9 अप्रैल को आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 6 फीसदी कर दिया है। साथ ही अब रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई है। अब तक ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ़ने से विकास दर को गति दी जा सकेगी। निसंदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। भारत का शेयर बाजार दूसरे देशों की तुलना में बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। रुपया मजबूत हो रहा है। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लम्बे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों जैसी वस्तुओं के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। इन सबके साथ-साथ भारत ट्रंप के टैरिफ की चुनौती के मुकाबले के लिए आर्थिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ा है।

निसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) के साथ ही कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान देना होगा। ऐसे विभिन्न रणनीतिक कदमों से भारत की घरेलू आर्थिकी और मजबूत बनेगी तथा ऐसे में पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में भारत की घरेलू आर्थिकी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार बनेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
श्वेता गोयल



# महाकवि सूरदास के गीतों में बसी है भक्ति की चमक


भारतीय साहित्य के विशाल आकाश में भक्तिकाल एक ऐसा युग रहा है, जिसने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया बल्कि भाषा, भाव और लोकसंस्कृति को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की। इस युग में कई संत-कवि हुए, जिन्होंने अपने जीवन और काव्य से समाज को भक्ति, प्रेम और मानवता की राह दिखाई। इन्हीं महान संत कवियों में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के परम उपासक, भक्तिकाल के महाकवि, महान संत सूरदास जी का स्थान सर्वोच्च है। सूरदास केवल एक कवि नहीं थे, वे एक ऐसे भाव-सम्राट थे, जिन्होंने हिन्दी काव्य को भाव, भाषा और भक्ति की त्रिवेणी से अभिसिंचित किया। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष यह 2 मई को मनाई जा रही है। सूरदास जयंती केवल एक कवि के जन्म की स्मृति नहीं है बल्कि उस प्रेमधारा का उत्सव है, जो उन्होंने अपने शब्दों से प्रवाहित की थी। सूरदास का जन्म 1478 ईस्वी के आसपास एक ब्राह्मण परिवार में हुआ माना जाता है। उनके जन्मस्थान को लेकर कई मत हैं लेकिन अधिकांश विद्वान मानते हैं कि उनका जन्म उत्तर प्रदेश के रुनकता या सीही नामक स्थान पर हुआ था। यह भी कहा जाता है कि वे जन्म से अंधे थे, हालांकि कुछ विद्वानों का मत है कि उन्होंने युवावस्था में दृष्टि खोई। तथ्य चाहे जो भी हो, यह निर्विवाद सत्य है कि सूरदास ने अपने भीतर जो दृष्टि अर्जित की थी, वह सामान्य दृष्टि से कहीं अधिक तीव्र और व्यापक थी। उन्होंने जो देखा, वह आंखों से नहीं, हृदय से देखा। उन्होंने



जो अनुभव किया, वह आत्मा से किया और उन्होंने जो रचा, वह कालातीत बन गया। सूरदास की ख्याति विशेष रूप से उनके कृष्णभक्ति पर आधारित काव्य के कारण है। उन्होंने बालकृष्ण की लीलाओं को जिस प्रकार चित्रित किया है, वह भारतीय साहित्य में अद्वितीय है। बाल गोपाल के जन्म से लेकर उनके यशोदा से नटखट संवाद, गोपियों के साथ रास, माखन चोरी, और राधा-कृष्ण के प्रेम का जो भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण वर्णन सूरदास ने किया है, वह केवल वर्णन नहीं बल्कि अनुभूति है। यह वह अनुभूति है, जिसे पढ़ते हुए पाठक स्वयं उस संसार में प्रवेश कर जाता है, जहां गोविंद हैं, गोपियां हैं, यमुना का तट है, वृंदावन का कुंज है और वहां एक दिव्य प्रेम का आलोक फैला हुआ है। महाकवि सूरदास एक महान कवि और संगीतकार थे, जिन्होंने कान्हा की भक्ति में कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी। वे अपनी कविताओं, गीत और दोहों के लिए ही प्रसिद्ध हुए। सूरदास के भक्तिमय गीत आज भी हर किसी को मोहित करते हैं। सूरसागर, सूरसावली, साहित्य लहरी, नल दमयंती और ब्याहलो सूरदास जी की प्रमुख रचनाएं हैं। सूरदास की भाषा ब्रजभाषा थी, जो उस समय केवल लोक की भाषा मानी जाती थी लेकिन सूरदास ने इस भाषा को वह गरिमा प्रदान की कि वह हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा बन गई। उनकी रचनाओं में ब्रजभाषा की मिठास, उसकी लयात्मकता और भाव सम्प्रेषण की क्षमता को नए आयाम मिले। उनका काव्य सरल होते हुए भी अत्यंत गहन है। उसमें कहीं भी दुरूहता नहीं है, न ही दार्शनिक भारीपन। वह सीधा हृदय को स्पर्श करता है। सूरदास के काव्य का सबसे प्रमुख संग्रह 'सूरसागर' है, जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके प्रेम प्रसंगों तक का सुंदर वर्णन मिलता है। सूरसागर केवल एक काव्य ग्रंथ नहीं बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसमें भक्ति, प्रेम, दर्शन और मानवीय भावनाओं की समस्त छवियां एकत्रित हैं। उनके पदों में लोक और लीलाओं का अद्भुत सामंजस्य है। एक ओर वे कृष्ण को बालक के रूप में गोदी में खेलते दिखाते हैं तो दूसरी ओर वे उन्हें ब्रह्म का साक्षात रूप बताते हैं। यह द्वंद्व ही सूरदास की काव्य शक्ति का प्रमाण है। कहा जाता है कि श्रीकृष्ण के परम भक्त सूरदास बचपन से संत प्रवृत्ति के थे। इन्हें गाने की कला वरदान स्वरूप मिली थी और अपनी गायन की कला के चलते ही वे जल्द ही प्रसिद्ध हो गए। उसके बाद वे आगरा के पास गऊघाट पर रहने लगे। वहीं उनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई। वल्लभाचार्य ने ही सूरदास जी को पुष्टिमार्ग की दीक्षा दी और श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन करवाया। वल्लभाचार्य ने इन्हें श्रीनाथ जी के मंदिर में लीला गान का दायित्व सौंपा, जिसे सूरदास जी जीवन पर्यंत निभाते रहे। महाकवि सूरदास हमारे लिए केवल अतीत की विभूति नहीं, वर्तमान का प्रकाश और भविष्य की दिशा हैं।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पूरा प्रतिपक्ष सरकार के साथ है


पहलगाम पर पाकिस्तानी उग्रवादियों के हुए हमले के विषय में लगभग समस्त भारत प्रधानमंत्री और भारत सरकार के साथ एकमत होते हुए साथ खड़ा है। लगभग सारा इंडिया गठबंधन भी केंद्र सरकार के साथ रहकर हर समर्थन और सहयोग करने को एकदम तैयार है। इन विशिष्ट हालात में स्थानीय नेताओं द्वारा कोई भी विवादास्पद और अप्रिय बयान कभी नहीं दिए जाने चाहिए। ऐसी बातें राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बदनाम और असहज ही करती हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के देश के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपना स्पष्ट मत देश के सामने रख दिया है। लोकसभा और राज्यसभा के प्रतिपक्ष के सभी नेताओं ने भी प्रधानमंत्री का इस विषय में पूरा समर्थन कर दिया है, तो स्थानीय नेताओं को भी भ्रामक और विवादास्पद बातें कहने-लिखने से परहेज करना होगा।

*- प्रकाश गुप्ता, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### रूस के लिए लड़ते उ. कोरिया के 4700 सैनिक मारे गए

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने सांसदों को बताया कि अनुमान है कि रूस के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ते हुए उत्तर कोरिया के 4,700 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के इस आकलन से दो दिन पहले उत्तर कोरिया ने पहली बार पुष्टि की थी कि उसने रूस को कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर फिर से कब्जा करने में मदद करने के लिए अपने लड़ाकू सैनिकों को भेजा था, जिस पर पिछले साल अचानक यूक्रेन के घुसपैठ के कारण रूस का नियंत्रण खत्म हो गया था। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सेओंग क्वेउन के अनुसार,




दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने बंद कमरे में संसदीय समिति की बैठक में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर उत्तर कोरिया के 600 सैनिक मारे गए और 4,700 सैनिक हताहत हुए हैं। ली ने संवाददाताओं को बताया कि एनआईएस ने कहा कि जनवरी और मार्च के बीच घायल 2,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों को हवाई मार्ग से या ट्रेन से उत्तर कोरिया वापस भेजा गया। उन्होंने एनआईएस का हवाला देते हुए कहा कि युद्ध में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों का अंतिम संस्कार रूस में किया गया था, उसके बाद उनके अवशेष वापस घर भेजे गए।

## ऑफ बीट

### सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता



रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

## ट्रेंड

### महाराष्ट्र दिवस



भारत के विकास में हमेशा अहम भूमिका निभाने वाले राज्य महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जब महाराष्ट्र के बारे में सोचते हैं तो इसका गौरवशाली इतिहास और लोगों का साहस हमारे दिमाग में आता है। यह राज्य प्रगति का एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'जातीय जनगणना' सही



देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम है। बीएसपी इसकी माँग काफी लम्बे समय से करती रही है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### क्या यही है लोकतंत्र



सरकार ने 4 पीएम जैसे नेशनल चैनल को बिना किसी कारण बंद करवाकर ये साफ़ कर दिया है कि उसे जनता के सवालों से डर लगता है। क्या यही है 'लोकतंत्र'? मीडिया को दबाना मतलब जनता की आवाज़ को कुचलना है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### सार्थक तरीका अपनाएं



शासन का मतलब सिर्फ़ सत्ता नहीं बल्कि करुणा से शुरू होता है, हमारे आस-पास के संघर्षों को देखने की इच्छा से, उनसे इस तरह जुड़ने की इच्छा से जैसे कि वे हमारे अपने हों, और उन्हें संबोधित करने के लिए सार्थक तरीके से कार्य करें।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!

अमेजिंग
रजनी अरोड़ा



बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।



## लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-


- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।

## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।



## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152

1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।
-संजय, रोहतक

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, बेमेतरा



**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।
-सुमन, भोपाल

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।
-कुणाल, महासमुंद

गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर



हास्य कथा
समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'


आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता
डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174



**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।



आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: यलो बैलूंस-19, रेड बैलूंस-20

# देश की 28% महिला सांसद-विधायक पर आपराधिक मामले

## एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म की रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में 28 प्रतिशत यानी कुल 143 महिला विधायकों और सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं, कुल 17 महिला सांसद और विधायक हैं जिन्होंने खुद को अरबपति घोषित किया है। इन 17 अरबपति सांसदों और विधायकों में लोकसभा की 75 महिला सांसदों में से छह, राज्यसभा की 37 में से तीन और राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं की 400 महिला विधायकों में से आठ शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल 513 महिला सांसद और विधायक हैं, जिसमें से 512 ने हलफनामे पेश किए हैं।

# बाबा रामदेव से फिर कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** रूह अफजा और हमदर्द के खिलाफ फिर से बयान देने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को योग गुरु बाबा रामदेव से नाराजगी जताई। इसके साथ ही कोर्ट ने विवादित बयान वाले वीडियो के हिस्से को 24 घंटे में सभी सोशल और मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटाने का निर्देश दिया। दरअसल, हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ अपने विवादास्पद शरबत जिहाद वाले बयान को दोहराते हुए एक नया वीडियो जारी किया, जबकि पहले ही कोर्ट ने ऐसे बयानों पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे।




शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769


# पहलगाम आतंकी हमले के बीच बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

**भारत को अमेरिका से मिलेंगे 131 मिलियन डॉलर के सैन्य हार्डवेयर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बीच भारत की सैन्य, सामरिक ताकत में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। इसके पीछे की बड़ी वजह अमेरिका द्वारा भारत के कुल करीब 131 मिलियन डॉलर के सैन्य हार्डवेयर और लॉजिस्टिक सपोर्ट आपूर्ति प्रस्ताव को दी गई मंजूरी है। आतंकी हमले के बीच सामने आया यह निर्णय न केवल भारत और अमेरिका के मजबूत रक्षा सहयोग को प्रमाण प्रस्तुत करता है। बल्कि इससे नापाक दुश्मन के हौसले भी आसानी से पस्त हो जाएंगे। इस समझौते की घोषणा अमेरिका की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी द्वारा की गई है। जिसे अमेरिकी कांग्रेस द्वारा उक्त प्रस्ताव के संबंध में प्रमाणन के साथ बिक्री को लेकर अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएससीए अमेरिका के रक्षा मुख्यालय, पेंटागन के तहत कार्यरत है। भारत ने इस सौदे के तहत अमेरिका से समुद्री वर्जन सॉफ्टवेयर, रिमोट सॉफ्टवेयर सपोर्ट, समुद्री वर्जन से जुड़े दस्तावेज, लॉजिस्टिक घटकों की खरीद की इच्छा जताई है।

### एफएमएस के तहत होगा सौदा

इस समझौते को दोनों देशों के बीच विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। साथ ही अमेरिका द्वारा इसे हिंद प्रशांत क्षेत्र में समुद्री क्षेत्र जागरूकता कार्यक्रम को बढ़ावा देने के मद्देनजर क्रियान्वित किया जा रहा है। अमेरिकी पक्ष ने सौदे के साथ ही यह भी साफ कर दिया है उसकी यह कवायद अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की पूर्ति करती है। साथ ही यह एक प्रमुख रक्षा साझेदार के रूप में भारत को रेखांकित करते हुए उसे आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में उठाया गया अहम कदम है।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130


## सीएम मान ने बुलाया विधानसभा का विशेष सत्र, हरियाणा ने भी आस्तीने चढ़ाई

# पंजाब, हरियाणा के बीच जल बंटवारे पर सियासत हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पंजाब और हरियाणा के बीच भाखड़ा नहर के पानी के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद अब और गहरा गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार और हरियाणा पर पंजाब के पानी के हक को छीनने का आरोप लगाया है। इस विवाद को लेकर पंजाब सरकार ने दो बड़े कदम उठाने का फैसला किया है। शुक्रवार को सभी दलों के साथ सीएम बात करेंगे फिर सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया जायेगा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर लाकर पंजाब के पानी के हक की रक्षा के लिए एकजुट करने की रणनीति बनाई है। सीएम मान विशेष सत्र में केंद्र सरकार द्वारा पंजाब का पानी छीने जाने का आरोप लगाने की तैयारी में हैं।

### विवाद की जड़ः भाखड़ा नहर और भाखडा बोर्ड

भाखड़ा नहर का पानीः भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड भाखड़ा नहर के पानी का बंटवारा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच करता है। यह बोर्ड केंद्रीय बिजली मंत्रालय के अधीन है। पंजाब का आरोपः पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया है कि हरियाणा अपने कोटे से 103 फीसदी पानी इस्तेमाल कर चुका है, फिर भी केंद्र और भाखडा बोर्ड के जरिए पंजाब पर अतिरिक्त पानी देने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, /"पंजाब का पानी पंजाबियों के लिए है, इसे किसी और को नहीं देंगे।/"

# ताजमहल के 5 किमी के भीतर बिना हमारी अनुमति के पेड़ नहीं काटे जाएं

**शीर्ष कोर्ट ने 2015 के निर्देश को दोहराया और कहा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के 5किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किमी की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के प्रभागीय वन अधिकारी की अनुमति की जरूरी है। अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। काटने की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

### 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा

पीठ ने कहा कि ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। कोर्ट समिति से अनुशंसा मांगेगी और पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी। जब तक पेड़ों को काटने कीजरूरत न हो, अधिकारी को शर्त लगानी होगी।


# हरिभूमि क्लासिफाईड

epaper : www.haribhoomi.com
तलाश की नई सुबह
लघु विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) **कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.**(RO-7305)

आवश्यकता है- रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

आवश्यकता है- सिलतरा रायपुर हेतु, फिल्ड अधिकारी 4, सुपरवाइजर 16, सुरक्षा गार्ड 110, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर 7747000019, 7746000016, 7747000016.**(RO-074)

**डिलीवरी कार्य**

आवश्यकता है- होम डिलीवरी का कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। स्वयं का मोटरसाइकिल और स्मार्टफोन होना अनिवार्य इच्छुक **संपर्क करें- 9754160228.** (RO-7216)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**शिक्षक**

आवश्यकता है- श्री अरविंद विद्यालय कचना, रायपुर में प्राथमिक शिक्षण हेतु D.El.Ed. डिग्रीधारी शिक्षक/शिक्षिका चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। तत्काल आवेदन करें। **वेतन योग्यता अनुसार (गैस गोदाम रास्ता सत्यम नगर) संपर्क- 9691691012, 9424214917.** (RO-7324)

आवश्यकता है- शिक्षक चाहिए मदर्स इंटरनेशनल स्कूल ग्राम- गोढी, धरसीवा, रायपुर में शिक्षण हेतु समवेत छत्तीसगढ़ संस्था (c/o समवेत भवन) को तत्काल आवेदन D.El.Ed. डिग्रीधारी व अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार **संपर्क- 9691691012, 7000907132.** (RO-7325)

**लॉन्ड्री वर्क**

आवश्यकता है- ड्राई क्लीन शॉप में अनुभवी महिला /पुरुष प्रेस करने वाले की आवश्यकता है **लॉन्ड्री स्पेशल , महोबा बाजार ,रायपुर मो. - 7326847433 , 8819021779.** (RO-4187)

**दुकान/गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- दुकान/गोडाउन में कार्य करने हेतु मेहनती युवक की आवश्यकता है। योग्यता पांचवीं पास सैलरी- 11000/- से 12000/- योग्यतानुसार। **संपर्क करें- रायपुर कृषि केंद्र, शॉप नं.- 124, एस.के प्लाजा काम्प्लेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर** (RO-1643)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- बच्चा सँभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान तेलीबंधा, रायपुर सम्पर्क करे: 9575042814.**(RO-M)

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में घरेलू काम , झाड़ू पोंछा, चौका, बर्तन तथा साफ सफाई के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, , **संपर्क करें 94252 05358, 9424205358.** (RO-02)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- राईस मिल हेतु एक अनुभवीं सुपरवाइजर की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करें- मो. नं. 9425208857.**(RO-6976)

**ऑपरेटर/इंचार्ज**

Wanted - Requirement of 3 post of Computer operator,Having thorough knowledge,4 posts of Godown Incharge only for experience, Requirement of 5 posts of driver for small vehicles. interested candidates may contact us with a resume. contact Mob.- **8700749996.** (RO-611)

**होटलकर्मी**

आवश्यकता है- होटल में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर, गद्दीदार, हेल्पर, कंप्यूटर बिलिंग ऑपरेटर, गार्ड, किचन क्लीनर एवं वेटर्स की आवश्यकता है, 12 घंटे ड्यूटी **संपर्क करें:- होटल प्रिंस बार मो.- 8518811111.** (आरो नं.-737)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है रिसाली रूआबांधा को प्राथमिकता **पता - A -26 आकांक्षा कुंज रिसाली भिलाई मो 9329011025.** (आरो नं.-735)

आवश्यकता है- रायपुर लोकल और गेराज में माल सप्लाई के लिए 4 टाटा ऐस / ऑटो ड्राइवर चाहिए **अल्ट्राक्लीन होम केयर,उरकुरा रेल्वे स्टेशन के सामने,भनपुरी, रायपुर 9826850000.** (RO-62)

**कुक/ड्रायवर**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी. आई. पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक एंव गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखु या किसी तरह का नशा न करने वाले **संपर्क करें 9300593000.**(RO-7215)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित **संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर मो.- 8109135400.** (RO-627)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना खाना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 स्थानः- म.प. उज्जैन । Co- **9630773028, 9691233111.** (RO-329)

**फील्ड/ड्रायवर**

आवश्यकता है- फील्ड में कार्य करने पढ़े लिखे लड़के एवं घरेलू कार चलाने लड़कों की आवश्यकता है। बाइक होना अनिवार्य है। **भिलाई नेहरूनगर 7000673668 /9425518007,** Salary- **12000**(आरो नं.-736)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- नये खुल रहे सलवार सूट के शोरूम में कार्य करने हेतु लड़के/लड़कियों एवं हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी 10000/- से 15000/- तक कमीशन अलग से **कटोरा तालाब रायपुर- 8959500030.** (RO-7326)

आवश्यकता है- रायपुर स्थित हार्डवेयर शॉप में काम करने के लिए लड़के/लड़कियों की फुल टाइम पार्ट टाइम हो सकता है **मोबाइल 9406016466 मिलने का समय 10 से 1** (RO-3851)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- प्लाट साइज- 60x24 = 1440 कंस्ट्रक्शन एरिया- 3550 किराया- 30,000/- माह (तीनफ्लोर) वॉलफोर्ड के समीप रिंग रोड नंबर -01, भाटागांव रायपुर (नए बस स्टैंड के समीप) मूल्य- 90 लाख मो. नंबर **9575086006.**(RO-7313)

**प्लाट**

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोलप्लाजा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्व सुविधा युक्त प्लाट - विकसित क्लोज्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। **संपर्कः 7247006610, 7247006609.** (आरो न.-7175)

हरिभूमि
नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - **9311830460.** (RO-851)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज

❖ गुप्त रोग, नामर्दी
❖ लिंग में छोटापन।
❖ शीघ्र पतन
❖ पेशाब से धातू जाना।
❖ लिंग में ढीलापन,
❖ शुक्राणु की कमी।
❖ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
❖ जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
❖ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## जैकेट के शेष

### 70 की रफ्तार से ....
आसपास अचानक मौसम ने करवट बदली और हवाएं तेज हो गईं जो थोड़ी ही देर में आंधी-तूफान की शक्ल में कहर बरपाने लगी। आधे घंटे अंधड़ ने जमकर कहर बरपाया। राजधानी ही नहीं, इसका असर राज्य के बड़े इलाके में रहा। तरपोंगी का टोल प्लाजा पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। देर शाम तक यह सिक्स लेन तकरीबन बंद रहा।

### पेड़ गिरे, शहर से लेकर ....
भिलाई तीन, चरोदा, उतई, सेलूद, गाड़ाडीह सहित पूरे गांव क्षेत्र अंधेरे में डूब गया है। करीब एक घंटे तक चली अंधड़ व बारिश से फ्लैक्स, साइन बोर्ड ,बैनर, पोस्टर की दुर्दशा हो गई है। उमरपोटी क्षेत्र में कथावाचक श्रीश्वरी देवी का प्रवचन पंडाल आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी वजह से कथा कैंसिल करनी पड़ी। विद्युत वितरण कंपंनी के एसई के जगन्नाथ प्रसाद का कहना है कि दुर्ग, बेमेतरा व रायपुर जिले की बिजली कनेक्टिविटी फेल हो गई है। बिजली तारों पर पेड़ व उनकी टहनियों के गिरने की वजह से बिजली बंद हो गई है।

### बिजली गुल, रात ....
समय लग सकता है, लेकिन वहां भी शुक्रवार तक आपूर्ति सामान्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आंधी की सर्वाधिक तीव्रता रायपुर क्षेत्र में थी। रायपुर शहर में राठौर चौक में हनुमान मंदिर सहित अनेक स्थानों पर पेड़ गिरने से 33 केवी लाइन टूट गई। देवेंद्र नगर का शेड, सिमगा का टोल प्लाजा टूट गया। बलोदा बाजार -भाटापारा में अनेक स्थानों पर पेड़, खंबे, 33 केवी लाइन टूटे हैं। दुर्ग क्षेत्र मे 132 केवी तार टूटने से स्क्रैप यार्ड में आग भी लगी, जिसे जल्दी बुझा दिया गया। बेमेतरा, साजा, धमधा, पाटन, गुंडरदेही, बालोद, चरोदा, दुर्ग मे 33 के वी नेटवर्क को क्षति पहुंची, जिसे जल्दी ही ठीक कर लिया गया।

### बेमेतरा में भारी ....
कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक आंधी और बारिश की चेतावनी दी है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

### राइस मिल में ऐसे ....
भरभराकर गिर पड़ा और दोनों मजदूर नीचे दब गए, मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे में चार अन्य मजदूर घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### मुस्लिम समुदाय के ....
का जरिया बना लिया, बड़े-बड़े माल खड़े कर लिए गए। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ जितेंद्र ने कहा, यूपीए की सरकार ने वक्फ बोर्ड में अजीबो गरीब संशोधन किए, जिसके तहत वक्फ जिसे चाहे अपनी जमीन घोषित कर देता था। कोई भी धर्म हमें नहीं सिखाता कि शोषित व्यक्ति की प्रापर्टी हड़प ली जाए, किसी के अधिकार छीन लिए जाए। वर्तमान अधिनियम में पारदर्शिता बढ़ाई गई है संवैधानिक चिंताओं को भी दूर करने का काम किया गया है। लगभग 70% वक्फ की जमीन पर अवैध कब्जा के आरोप हैं। ऐसे आंकड़े सामने आ रहे हैं, कई केस भी चल रहे हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा 2013 में लाया गया बदलाव लूट करने वालों को संरक्षण दे रहा था। कोई ऐसा प्रदेश नहीं बचा जहां इस प्रकार के घोटाले नहीं हुए। प्रेस वार्ता में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता विधायक अजय चंद्राकर ,संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल मौजूद रहे।

### पीएम मोदी बोले....
और भारत के पास इस दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है। 'वेव्स' का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने रचनात्मक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और मानवीय संवेदनाओं को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। मोदी की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वेव्स' में ऐसे समय में एक मंच पर वैश्विक प्रतिभाओं को लाने की क्षमता है, जब भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है। मोदी ने कहा कि उद्देश्य रोबोट बनाना नहीं, बल्कि उच्च संवेदनशीलता, भावनात्मक गहराई और बौद्धिक समृद्धि वाले लोग तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ये गुण अकेले 'सूचनाओं के पहाड़' या तकनीक की गति से नहीं हासिल किए जा सकते। उन्होंने कहा कि भारत का खाना दुनियाभर में लोकप्रिय है, उसी तरह "मुझे विश्वास है कि भारतीय गाना भी दुनियाभर में मशहूर होगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि स्क्रीन का आकार भले ही छोटा (माइक्रो) हो रहा हो, लेकिन संदेश (भारतीय कहानियां) बड़ा (मेगा) रूप ले रहा है।

### आज खुलेंगे केदारनाथ...
के कारीगर कर रहे हैं। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद 6 महीनों तक भक्त दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच अगर मौसम सही रहता है, तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की अपील

# 'पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देशभर में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवारों के दुख में साथ हैं और उनकी इस मांग का पूरा समर्थन करते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मैं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख और उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की



मांग के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें यह सम्मान दें।

### राहुल गांधी ने शुभम द्विवेदी से की मुलाकात

*बता दें कि इससे पहले बीते बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कानपुर में हमले के एक पीड़ित शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि परिवार ने उनसे कहा कि उनके बेटे को शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं कानपुर में एक पीड़ित परिवार से मिला। राहुल गांधी ने कहा कि पीड़ित परिवार ने मुझसे कहा कि प्रधानमंत्री तक उनका संदेश पहुंचाएं, कि हमारे बच्चे शहीद हुए हैं और उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष इस मामले को लेकर गंभीर है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी।*

### 'हम नहीं चाहते कि लोग मुस्लिमों-कश्मीरियों के खिलाफ जाएं, हमें न्याय चाहिए'



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से बत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। हरियाणा के करनाल में मीडिया से बात करते हुए लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ व्यवहार करें। बकौल हिमांशी, बेशक, हम न्याय चाहते हैं, लेकिन उन्हें शांति और केवल शांति चाहिए।'

## पेज एक के शेष

### सरकार ने 3100 में...
न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 35 लाख मीट्रिक टन धान सरकार नीलाम कर रही है। धान बेचने का बेस रेट निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार पतले धान का 2150 रुपए और मोटे धान का 1950 रुपए रेट निर्धारित किया गया है। जो बोलीदार सबसे अधिक बोली लगाएगा, उसे धान बेचा जाएगा यानी बोली लगाने वाले खुद धान की कीमत तय करेंगे। पिछले एक पखवाड़े से जारी इस प्रक्रिया के दौरान प्रदेशभर के मिलर्स बोली लगाकार चावल के स्टेक खरीद रहे है, लेकिन खासबात यह है कि 31 सौ की कीमत में धान खरीदने वाली सरकार को बोली में 16 सौ से दो हजार के बीच का ही दाम मिल रहा है, यह दाम धान की मंडी में मौजूदा दर से भी कुछ कम है, जबकि सरकार ने 2943 रुपए का दाम तय किया है। ऐसे में हर क्विंटल में साय सरकार को हजार रुपए तक का नुकसान हो सकता है। हालांकि अभी केवल बोली की प्रक्रिया चल रही है, सरकार ने किसी भी मिलर्स को स्टेक अलॉट नहीं किया है। शासन द्वारा निर्धारित राज्य स्तरीय कमेटी डिसाइड करती है कि दिया जाना है कि नहीं। बोली सही नहीं आने पर फिर से ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया की जाती है। **एथेनॉल प्लांट से मिलेगी राहत** : पेट्रोल में एथेनॉल ब्लेंडिंग यानि मिलावट की जाती है, अभी 8.5 फीसदी एथेनॉल मिलाया जाता है। ऐसा माना जा रहा है कि इसे 20 फीसदी किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक राज्य में पेट्रोल की अनुमानित खपत 90 करोड़ लीटर के आस-पास है। ऐसे में प्रदेश में भी धान से इथेनॉल बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है, प्रोडक्शन शुरू होने से अतिरिक्त धान का यहां उपयोग किया जा सकेगा। ज्ञात हो देश के कुछ राज्यों में धान से इथेनॉल बनाने का काम शुरू हो चुका है। **प्रदेश में 25 लाख क्विंटल खरीदी** : ज्ञात हो कि वर्ष 2024-25 में प्रदेशभर के 25 लाख 49 हजार 592 किसानों से 149 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। इसमें नागरिक आपूर्ति निगम और एफसीआई के कोटे में कस्टम मिलिंग के जरिए 123 लाख टन का निराकरण किया जाएगा। वहीं चावल जमा करने के बाद करीब 35 लाख टन धान अतिशेष है। यह प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्रों में डंप है। इसकी नीलामी के लिए राज्य शासन द्वारा जैसे है वैसे की स्थिति में बोलीकर्ता से टेंडर मंगाए गए हैं। **ट्रांसपोर्टिंग-रखरखाव में भी खर्च** : मार्कफेड सूत्रों की मानें, तो धान खरीदने से लेकर ट्रांसपोर्टिंग व रखरखाव के बाद प्रति क्विंटल धान में 28 सौ रुपए खर्च होता है। ऐसे में अगर 28 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से रेट नहीं आए तो राज्य शासन को करोड़ों का नुकसान होगा। वहीं व्यापारियों का कहना है कि बगैर कस्टम मिलिंग के ही बाजार में उन्हें दो हजार रुपए प्रति क्विंटल में चावल उपलब्ध हो रहा है। कस्टम मिलिंग में सरकार को चावल देने छग के मिलर यूपी और झारखंड से सस्ते में चावल मंगा रहे हैं। इसे एफसीआई और नान में जमा कर रहे हैं।

### राजनाथ ने अमेरिकी...
को बंद कर दिया ताकि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक भारतीय वीजा होने के बावजूद देश में दाखिल नहीं हो सके।

### बिल पास करने मांगे...
ग्रेड 3 कर्मचारी आशु रोहित खलखो द्वारा यात्रा भत्ता भुगतान के लिए 20 हजार 370 रूपए का बिल लगाया था। आशु रोहित खलखो द्वारा लगाए गए टीए बिल की जांच के बाद 20 हजार रूपए यात्रा भत्ता को पास किया गया था लेकिन इस यात्रा भत्ता के भुगतान हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में पदस्थ संगणक कौशलेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा 50 प्रतिशत के हिसाब से 10 हजार रूपए की मांग की जा रही थी।

### सीमांकन के लिए मांगे...
बनवाने और सीमांकन कराने के लिए नयनपुर पटवारी से मुलाकात की। इस दौरान चौहद्दी बनाने और सीमांकन के लिए पटवारी भानु सोनी ने 40 हजार रूपए रिश्वत की मांग की थी। रूपए नहीं देने पर पटवारी लगातार प्रार्थी को घुमा रहा था और उसे परेशान कर रहा था जिससे तंग आकर मनीष जिन्दिया ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर कार्यालय में की थी।

### नक्सलियों ने सड़क ...
पड़ोसी गांव में हुए इस नक्सली हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस हमले के पीछे की मुख्य वजह अवैध लेवी वसूली को बताया जा रहा है। बता दें कि जिले के सामरी पाठ थाना क्षेत्र से साफे हुए पड़ोसी जिले झारखंड के लातेहार अंतर्गत महुआडांड के ग्राम ओरसापाठ में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। इस बीच बीती रात हथियारबन्द नक्सलियों ने हमला बोला। नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया इसके साथ ही निर्माण कार्य करा रहे मुंशी 55 वर्षीय अयूब खान आ. हमीबूद्दीन को गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जब क्षेत्र के लोगों को इस घटना की जानकारी हुई तो क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस नक्सली हमले को अवैध लेवी वसूली से जोड़कर देखा ज रहा है। सम्भावना जताई जा रही है कि ठेकेदार द्वारा पैसा नहीं देने पर नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव बरामद करने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है। **सरगुजा से खदेड़े गए नक्सली** : बड़ी बात यह है कि यह घटना झारखंड की सीमा में हुई है। जबकि इससे पहले नक्सली सामरी पाठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बूढ़ा पहाड़ तक सक्रिय थे लेकिन छत्तीसगढ़ पुलिस फोर्स, और जेटीएफ द्वारा चलाए गए अभियान के बाद नक्सलियों को पीछे हटना पड़ा।

### नए नियम से बोहनी...
के लिए खत्म हो गई है।

**अब खत्म हुई ये झंझट**: यह प्रक्रिया शुरु होने से पहले नामांतरण के लिए तहसीलदार के कई चक्कर काटने के बाद चढ़ावा चढ़ाने के बाद नामांतरण होता था, लेकिन बी-वन में नाम में गलती होती थी या कर दी जाती थी, फिर इस नाम सुधरवाने के लिए कई चक्कर लगाना पड़ता था। नाम तो सुधर जाता था, लेकिन पटवारी बी-वन खसरा को डिजिटल नहीं करते थे। उसके लिए घूमना पड़ता था। पर अब सारे चक्कर का एक मिनट में समाधान हो गया है। रजिस्ट्री होते ही नामांतरण बी-वन खसरा में त्रुटि की झंझट नहीं होगी और न पटवारी से डिजिटल कराने की झंझट होगी। रजिस्ट्री के साथ सब कुछ ऑटोमेटिक होगा। नामांतरण, डिजिटल बी-वन, खसरा, नाम में कोई त्रुटि नहीं होगी।

### पहले ऑटोमेटिक...
जमीन का स्वतः नामांतरण किया गया। एक और ऐसी ही रजिस्ट्री आरंग में भी हुई है। यहां विक्रेता चंद्रमणि अग्रवाल व अन्य के नाम की जमीन ओम अग्रवाल के नाम पर होने के बाद स्वतः नामांतरण हो गया। राज्य शासन इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा था। पंजीयन के बाद नामांतरण की जटिल प्रक्रिया को समाप्त करने के इरादे से सरकार ने अधिनियम में संशोधन भी किया था।

### विमान ईंधन-कमर्शियल...
तारीख देशवासियों के लिए कई नए नियम लेकर आती है, जो आम जनजीवन और जेब दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। 1 मई 2025 से भी कई अहम बदलाव लागू हो गए हैं, जिनका असर आपकी वित्तीय योजनाओं, बैंकिंग गतिविधियों और यात्रा पर पड़ेगा।

## पहलगाम हमले पर लखनऊ यूनिवर्सिटी के एक और प्रोफेसर का विवादित पोस्ट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के गाजीपुर में पुलिस ने एक गांव से नौ दिन पहले लापता हुई तीन लड़कियों को बरामद कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि वे रोजगार की तलाश में गाजियाबाद गई थीं. मामला दर्ज करने के बाद उनकी खोजबीन जारी थी। इनपुट मिलने के बाद तीनों लड़कियों को बरामद कर लिया गया। गाजीपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कुमारी नंदिनी (17), कुमारी सुमन (14) और कुमारी प्रीति (14) के अचानक लापता होने के संबंध में 21 अप्रैल को भावरकोल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137 (2) के तहत दर्ज किया गया था, जो किसी बच्चे के अपहरण से संबंधित है। शिकायत के बाद, लड़कियों का पता लगाने के लिए एसएचओ संतोष कुमार राय के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस ने न्यूज एजेंसी से कहा कि तकनीकी निगरानी के जरिए उनके स्थान की पहचान करने के बाद, टीम गाजियाबाद गई और कड़कड़डूमा औद्योगिक क्षेत्र में साहिबाबाद पुलिस स्टेशन के अंतर्गत लिंक रोड इलाके से तीनों को बरामद किया। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि लड़कियां काम की तलाश में गाजियाबाद गई थीं. फिलहाल, आगे की जांच जारी है। इस बीच, अधिकारियों ने यह भी बताया कि जमानिया पुलिस थाने के उमर गंज (नई बस्ती) के मुसहर समुदाय के छह नाबालिग - अर्जुन (12), अतवारी (13), रोशन (9), लक्ष्मीना (6), बेफी (6) और अमित (10) - 22 अप्रैल से लापता हैं।

■ छात्रों ने काटा बवाल, नोटिस जारी

## ...अब पाक की खैर नहीं

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और मिस्र

एजेंसी ▶▶ काहिरा



पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा की जा रही है। पाकिस्तान की लगातार मुश्किलें बढ़ रही हैं। अब भारत और मिस्र ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की तैयारी की है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। काहिरा में आतंकवाद रोकने को लेकर भारत-मिस्र संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक में दोनों देश आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्र ने हिंसा के सभी रूपों का सामना करने में भारत के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। भारत और मिस्र ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।


**छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग**
**द्वितीय आमंत्रण विज्ञापन क्र. 28**
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल वृत्त-दुर्ग अंतर्गतः- स्ववित्तीय योजनांतर्गत ट्विनसिटी तालपुरी ब्लॉक-सी भिलाई में व्यवसायिक सह आवासीय परिसर अंतर्गत 144 नग सैफ्रन (3बी.एच.के.जी+8) प्रकोष्ठ भवन, 08 नग लैवेंडर (2बी.एच.के.जी+8) प्रकोष्ठ भवन, 48 नग जास्मिन (2बी.एच.के.एस+6) प्रकोष्ठ भवन, 80 नग मेरीगोल्ड (1 बी.एच.के.जी+3) प्रकोष्ठ भवन, 41 नग मेजनाईन शॉप का निर्माण एवं 3.75 एकड़ भूमि का विकास कार्य हेतु प्रपत्र - "ब" में राशि रू. 7767.10 लाख की ऑनलाईन निविदा ('प्री-क्वालीफिकेशन' आधार पर) एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता- दुर्ग के मो. 94242-84256 पर सम्पर्क करें।
"मकान नहीं घर बनाते हैं-पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं"
S-43714/1 उपायुक्त



**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा अमंत्रण सूचना**
क्र.136/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 01/05/2025
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "बी" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 167725 | DEVELOPMENT OF SHREE RAM SETU BRIDGE, BILASPUR (C.G.) | 263.13 | 16 / 05 / 25 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)



**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)**
**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(Second Call)**
System Tender No. 167611/NIT No.: 04/SAC/25-26
Dated: 30.04.2025
Online Tenders are invited for the following work up to 19.05.2025 at 17.30 Hours.
Name of work - Construction of Pawada Anicut in Block Pharasgaon, District Kondagaon.
Probable Amount of Contract: Rs. 473.67 Lakhs (As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).
The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 07.05.2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.
NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.
Executive Engineer
Water Resources Division,
Kondagaon For, Chief Engineer,
Mahanadi Project Raipur (C.G.)
G-252600616/2


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

# पति के सामने पिस्टल के बल पर महिला डांसर के साथ गैंगरेप

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना के दानापुर में एक नर्तकी के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया है। ये घटना को महिला के पति के सामने पिस्टल के बल पर हुई, मामले की जानकारी के बाद पुलिस एक्शन में आई और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ये शर्मनाक वारदात दानापुर के शंकरपुर दियारा क्षेत्र की है, जहां पति के सामने गैंगरेप की सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया गया। घटना 29 अप्रैल की है, जब दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित शंकरपुर डेरा में एक शादी समारोह में एक नर्तकी अपने पति के साथ डीजे ट्रॉली पर डांस करने गई थी। कार्यक्रम खत्म होने के बाद सुबह जब दोनों वापस लौट रहे थे, तभी तीन युवकों ने उन्हें रास्ते में रोका।

नर्तकी के पति को बंधक बना लिया और पास ही एक झोपड़ी में ले जाकर पिस्टल की नोक पर बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

■ बिहार की राजधानी पटना में हैरतअंगेज वारदात


**गुमशुदा**




**लीलम साहू**
लीलम साहू, उम्र-17 वर्ष, पिता कांतिलाल साहू, ग्राम सल्हईटोला डोगरगांव, जिला राजनांदगांव जो कि दिनांक 01.05.2025 को अपने कुछ निजी कार्य हेतु गांव में बस्ती की ओर जा रहा हूँ कह कर निकला है, जो लौटकर वापस नहीं आया है।
जिस किसी भी व्यक्ति को यह दिखाई दे तो शीघ्र संपर्क करे।
**मो. नं.- 7000801094**



**न्यायालय तहसीलदार पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ 202504140100043/ अ-21(4)/ 2024-2025
ग्राम- पखांजूर कॉलोनी प.ह.न. 08
**// ईश्तहार //**
एतद द्वारा ग्राम पखांजूर कॉ. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शिखा डे पति दिलीप डे व अन्य एक दोनो निवासी अयोध्यानगर मठपुरेना, रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पखांजूर कॉलोनी में स्थित भूमिस्वामी हक की आबंटित भूमि खन. 1430/3 रकबा 0.94 हे. मे से 0.04 हे. को क्रेता अनावेदक क्रमांक 01 शिप्रा बेपारी पति रबिन बेपारी निवासी पीव्ही. 116 पखांजूर के पास 7,40,000.00 (सात लाख चालीस हजार) रू. में तथा खन. 1430/3 रकबा 0.094 हे. मे से 13.23 डिसमील भूमि को अनावेदक क्रमांक 02 सावित्री देवनाथ पति तपश देवनाथ निवासी पीव्ही. 116 पखांजूर के पास 10,00000.00 (दस लाख) रू. में विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जिला उत्तर बस्तर कांकेर को प्रस्तुत करने से प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु उचित माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
आवेदित भूमि को क्रय-विक्रय करने की अनुमति दिये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकरण की पेशी तिथि 08.05.2025 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।
तहसीलदार पखांजूर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5854



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5853 का हल



## सूडोकु नवताल - 5864
★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5863 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

खबर संक्षेप

## टीवीएस मोटर की बिक्री बढ़कर 4,43,896 इकाई

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल में कुल बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 4,43,896 इकाई रही। कंपनी की अप्रैल 2024 में बिक्री 3,83,615 इकाई रही थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो अप्रैल 2024 की 3,74,592 इकाई से बढ़कर अप्रैल 2025 में 4,30,330 इकाई हो गई।

## महिंद्रा की बिक्री में 19 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लि. के वाहनों की बिक्री पिछले महीने अप्रैल में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 84,170 इकाई रही। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि घरेलू बाजार में पिछले महीने उसके एसयूवी की बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 52,330 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 41,008 इकाई थी।

## न्यूवोको विस्टास ने की चौथी तिमाही की घोषणा

**मुंबई।** न्यूवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत में एक प्रमुख बिल्डिंग मैटीरियल्स कंपनी ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 25 एमएमटीपीए की ज्वाइंट स्थापित क्षमता के साथ, न्यूवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत में 5वां सबसे बड़ा सीमेंट ग्रुप है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। एनसीएलटी द्वारा वडराज सीमेंट लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए सॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दिए जाने के बाद कंपनी वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता हासिल करने की राह पर है।

# लैम्बॉर्गिनी ने भारत में लांच की अपनी सुपर कार 'टेमेरारियो', कीमत 6 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लैम्बॉर्गिनी ने अपनी नई टेमेरारियो सुपरकार को भारत में लांच कर दिया है। इसने सिर्फ 9 महीने पहले इंटरनेशनल डेब्यू किया था। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6 करोड़ (ऑप्शन्स छोड़कर) है। ये मशहूर हरिकेन का अगला वर्जन है। टेमेरारियो में 4.0 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया गया है, जो अकेले ही 800एचपी की ताकत और 730एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ तीन इलेक्ट्रिक मोटर भी जोड़े गए हैं। यह कुल 920एचपी की पावर जेनरेट करने में सक्षम है। इसकी टॉप स्पीड 340+ किमी/घंटे की है। वहीं ये कार 0 से 100 किमी/घंटे की स्पीड सिर्फ 2.7 सेकंड में पकड़ लेती है। एसी चार्जिंग से 30 मिनट में चार्ज हो जाती है। लैम्बॉर्गिनी का दावा है कि ये दुनिया का सबसे ताकतवर और तेज घूमने वाला वी8 इंजन है, जो 10,000आरपीएम तक रेव कर सकता है।

- टेमेरारियो में 4.0 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया गया

### यह कार मशहूर हरिकेन का अगला वर्जन है

#### टेक्नोलॉजी का शानदार मेल

टेमेरारियो का केबिन फाइटर जेट से इंस्पायर है। इसमें 12.3-इंच का डिजिटल क्लस्टर, 8.4-इंच फ्लोटिंग टचस्क्रीन और 9.1-इंच का पैसेंजर डिस्प्ले मौजूद है। इसमें 18-वे पावर एडजस्टेबल सीट्स (हीटिंग और वेंटिलेशन के साथ) दी गई हैं। ऑगमेंटेड रियलिटी नेविगेशन, ऑनबोर्ड टेलीमेट्री और डैशकैम दिया गया है। इसमें 6 फीट 5 इंच तक के ड्राइवर हेलमेट के साथ आराम से फिट हो सकते हैं।



#### पहली बार ड्रिफ्ट मोड के साथ

टेमेरारियो में पहली बार ड्रिफ्ट मोड दिया गया है। यानी आप इसमें कंट्रोल के साथ स्टाइलिश स्लाइड भी कर सकते हैं। इसमें चार ड्राइव मोड सिट्टा (सिर्फ इलेक्ट्रिक मोड), स्ट्राडा (सड़क के लिए), स्पोर्ट्स (तेज रफ्तार के लिए) और कोरसा (ट्रैक के लिए) दिया गया है। रेकिंग की बात करें तो टेमेरारियो में 410 एमएम के अल्युमिनियम डिस्क ब्रेक्स फ्रंट में हैं और रियर में 390एमएम के ब्रेक्स हैं। ये सिर्फ 32 मीटर में 100 से 0 किमी/घंटा की रफ्तार रोक सकती है।

#### टेमेरारियो का मुकाबला किससे?

टेमेरारियो भारत में जिन सुपरकार्स से टक्कर ले रही है, वो फेरारी 296 जीबीटी (कीमत- 5.4 करोड़) और मेकलारेन आरटुरा (कीमत- 5.1 करोड़) है। लेकिन, कीमत ज्यादा होने के बावजूद टेमेरारियो ज्यादा पावर, ज्यादा फीचर्स और ज्यादा स्टाइल लेकर आती है। अगर आप सिर्फ स्पीड नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी, लक्जरी और एक्सक्लूसिविटी भी चाहते हैं तो लैम्बॉर्गिनी टेमेरारियो आपके लिए एक परफेक्ट सुपरकार है। 6 करोड़ की कीमत पर ये सिर्फ एक कार नहीं, बल्कि एक पावरफुल स्टेटमेंट है।

### व्यवस्था लागू होने के बाद दूसरा सर्वाधिक जीएसटी संग्रह

# जीएसटी संग्रह अप्रैल में 12.6 फीसदी बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर लगभग 2.37 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह मजबूत आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के मार्च के अंत में खातों के मिलान को दर्शाता है।

जीएसटी संग्रह बीते वर्ष अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा था। यह देश में एक जुलाई, 2017 से नई अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद का दूसरा सर्वाधिक जीएसटी संग्रह है। इससे पहले, मार्च 2025 में कर संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था।

#### आयातित वस्तुओं से राजस्व बढ़ा

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये रहा। बीते महीने जारी किया गया 'रिफंड' 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस 'रिफंड' को समायोजित करने के बाद अप्रैल महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

#### मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का संकेत

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध जीएसटी संग्रह पिछले वित्त वर्ष के अंतिम महीने में मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का संकेत देता है क्योंकि यह आंकड़ा मार्च 2025 में वस्तुओं एवं सेवाओं के लेनदेन से संबंधित हैं।




#### उद्योगों पर कार्यशील पूंजी का बोझ हुआ कम

अग्रवाल ने कहा, "निर्यात और अन्य जीएसटी रिफंड में तेजी लाने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों ने उद्योगों पर कार्यशील पूंजी का बोझ कम कर दिया है। इसका लाभ मध्यम से लंबी अवधि में उपभोक्ताओं को मिलने की संभावना है।" उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक आर्थिक माहौल के कारण अगले महीने जीएसटी संग्रह में कमी आने की आशंका है लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए समग्र दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

- बीते वर्ष अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपए था
- जीएसटी सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़ा
- घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़ा

#### विकसित भारत के सपने होंगे साकार

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के भागीदार विवेक जालान ने कहा, "वैश्विक शुल्क युद्ध, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले और उससे जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच, शुद्ध रूप से जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत की वृद्धि देश की इस दृढ़ इच्छा को बताती है कि वह 'विकसित भारत' के सपने को हर परिस्थिति में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

#### पिछले माह बड़े राज्यों में वृद्धि कम रही

मणि ने कहा, "इस महीने में जीएसटी संग्रह सभी प्रमुख उत्पादक/उपभोग करने वाले राज्यों में समान रूप से अधिक रहा है। इसमें 11 प्रतिशत से लेकर 16 प्रतिशत तक की तेजी रही है। यह पिछले महीनों के उलट है जब कुछ बड़े राज्यों में वृद्धि कम रही थी।/" अप्रैल, 2025 में घरेलू लेनदेन से केंद्रीय जीएसटी संग्रह 48,634 करोड़ रुपये रहा, जबकि राज्य जीएसटी संग्रह 59,372 करोड़ रुपये रहा।

#### राजस्व में वृद्धि की असमानता

कुछ राज्यों में केंद्रीय और राज्य क्षेत्राधिकारों के जीएसटी राजस्व में वृद्धि की असमानता है। मसलन, तमिलनाडु में केंद्रीय क्षेत्राधिकार के तहत जीएसटी राजस्व में वृद्धि 9.3 प्रतिशत है, जबकि राज्य जीएसटी के तहत यह वृद्धि 17 प्रतिशत है।

## मारुति की बिक्री में आया सात प्रतिशत का उछाल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनी ने अप्रैल में 1,79,791 इकाई बेची
- घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री मामूली रूप से बढ़ी

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया की कुल बिक्री अप्रैल महीने में सात प्रतिशत बढ़कर 1,79,791 इकाई रही। मारुति सुजुकी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में कुल 1,68,089 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि घरेलू यात्री वाहनों की कुल बिक्री अप्रैल में मामूली रूप से बढ़कर 1,38,704 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1,37,952 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो समेत छोटी कारों की बिक्री अप्रैल में घटकर 6,332 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 11,519 इकाई थी।

हालांकि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री आलोच्य महीने में बढ़कर 61,591 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 56,953 इकाई थी। ब्रेजा, अर्टिगा, ग्रैंड विटारा और एक्सएल6 जैसे उपयोगी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 59,022 इकाई रही, जो एक साल पहले अप्रैल में 56,553 इकाई थी।

# शेयर बाजार अप्रैल में चुनौतियों से आगे निकला सेंसेक्स चार फीसदी उछला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- घरेलू बाजार में एफआईआई की वापसी हुई
- मानसून के सामान्य रहने से सकारात्मक धारणा बनी

अमेरिकी सीमा शुल्क और भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीएसई सेंसेक्स में पिछले महीने करीब चार प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वापसी, दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से अधिक बारिश होने के अनुमान और संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद ने इस सकारात्मक धारणा को बल देने का काम किया।

इसके अलावा, पिछले कुछ महीनों में बाजार में आई गिरावट के बाद शेयरों के मूल्यांकन में आई नरमी ने भी खरीदारी को नए सिरे से बढ़ावा दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स पिछले महीने कुल 2,827.32 अंक यानी 3.65 प्रतिशत बढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 814.85 अंक यानी 3.46 प्रतिशत चढ़ा। इस तेजी के बीच अप्रैल महीने में निवेशकों की संपत्ति 10.37 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,23,24,763.25 करोड़ रुपये (4.98 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। यह लगातार दूसरा महीना है जब सेंसेक्स एवं निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए हैं। मार्च के महीने में भी सेंसेक्स में 4,216.82 अंक यानी 5.76 प्रतिशत और निफ्टी में 1,394.65 अंक यानी 6.30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिकी सीमा शुल्क से जुड़े जोखिम में कमी आने, संभावित अमेरिका-भारत व्यापार समझौते और मजबूत एफआईआई प्रवाह के कारण पिछले महीने बाजारों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 में लहराया परचम

NARAYANA EDUCATIONAL INSTITUTIONS

- ऑल इंडिया रैंक-1 सहित टॉप-100 में 25 स्थान प्राप्त किए

**हैदराबाद।** जेईई मेन 2025 के नतीजों में नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का परचम लहराया है।

संस्थान से पढ़े वाणीव्रत माजी ने 300 में से 300 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1 (एआईआर-1) हासिल की है। इसके साथ ही ओपन कैटेगरी की टॉप 100 रैंक में नारायणाइट्स ने कुल 25 स्थान प्राप्त किए, जिसमें एआईआर 1, 9, 12, 13, 19, 20, 21, 22, 24, 25, 26, 36 (दो बार), 45, 47, 59, 60, 67, 80, 81, 84, 86, 87 और 95 शामिल हैं। इस अवसर पर संस्थान के कोर प्रबंधन समिति की सदस्य पी. रामादेवी, निदेशक डॉ. पी. सिंधुरा और पी. शरणी ने छात्रों, अभिभावकों और संपूर्ण शिक्षण व प्रशासनिक स्टाफ की सराहना की। पी. रामादेवी ने कहा कि यह तीसरी बार है जब नारायण ने एआईआर-1 हासिल किया है। पिछले पाँच वर्षों में नारायण के छात्रों ने टॉप 10 रैंक में 21% स्थान प्राप्त कर संस्थान की निरंतर सफलता को साबित किया है।

## टाटा मोटर्स की कुल बिक्री अप्रैल में छह प्रतिशत गिरी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स लिमिटेड की अप्रैल 2025 में कुल बिक्री 6.1 प्रतिशत घटकर 72,753 इकाई रह गई। कंपनी ने अप्रैल 2024 के दौरान कुल 77,521 वाहन बेचे थे। अप्रैल 2024 में 76,399 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री सात प्रतिशत घटकर 70,963 इकाई रह गई। ईवी सहित कुल यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री सालाना आधार पर 47,983 इकाई से पांच प्रतिशत घटकर 45,532 इकाई रह गई।

**कार्यालय प्राचार्य, ठाकुर बलराम सिंह, शासकीय पॉलीटेक्निक, तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
OFFICE OF THE PRINCIPAL THAKUR BALRAM SINGH, GOVERNMENT POLYTECHNIC, TAKHATPUR DISITT-BILASPUR (C.G.) PIN CODE-495330
e-mail Address:- govtpolytakhatpur@gmail.com
Website:- www.govtpolytechnictakhatpur.ac.in

क्रमांक / शापॉत/स्था/2025/43 / //विज्ञप्ति// तखतपुर, दिनांक 29/04/2025

**WALK IN INTERVIEW FOR PART TIME LECTURER**

ठाकुर बलराम सिंह, शासकीय पॉलीटेक्निक तखतपुर में निम्न विभाग/ विषय में पूर्णतः अस्थाई रूप से अंशकालीन आधार पर व्याख्याता (मेकेनिकल) के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीद्वार को अपने सभी मूल दस्तावेज एवं एक सेट फोटोकापी सहित साक्षात्कार के लिये उपस्थित हो सकते है।

| क्र. | विषय | रिक्तिया | न्युनतम शैक्षणिक अर्हताय | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mechanical Engineering | 02 | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक (B.E./B.Tech. in Mechanical Engineering) | दिनांक 06.05.2025 समय प्रातः 11:00 बजे |

अंशकालीन व्याख्याताओं को परिश्रमिक प्रति पिरियड 800 रूपये/घन्टा के दर से अधिकतम रूपये 56100 प्रतिमाह देय होगा। नियुक्ति हेतु सेवा शर्ते अर्हताएं मापदण्ड एवं निर्धारित प्रपत्र संस्था की वेबसाइट www.govtpolytechnictakhatpur.ac.in एवं www.bilaspur.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य
ठाकुर बलराम सिंह शासकीय पोलीटेक्निक तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

G-252600617/1

**कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर (छ.ग.)**
**जिला न्यायालय परिसर, रायपुर**
दूरभाष क्रमांक 0771-2425944 फैक्स दूरभाष क्रमांक 0771-2420077
E-mail: dlsa raipur@gmail.com

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

क्रं.77/जि.वि.से.प्रा.(LADCS)/2025 रायपुर दिनांक 29/04/2025

विषय- असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स कौसिल सिस्टम रायपुर के तीन संविदात्मक पदों पर एक वर्षीय संविदा भर्ती संबंधी सूचना।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) के अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस कौंसिल रायपुर के स्थापना हेतु पद असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के भर्ती के संबंध में निर्धारित मानदेय पर एकवर्षीय संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 74 / जि.वि.से.प्रा. (LADCS) / 2025 रायपुर दिनांक 29/01/2025 प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर के वेबसाइट https://raipur.dcourts.gov.in में अपलोड कर दिनांक 01/05/2025 से दिनांक 15-05-2025 की शाम 05:00 बजे तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गये है। अभ्यर्थी उक्त भर्ती के संबंध में कार्यालय के वेबसाईट से विज्ञापन एवं आवेदन फार्म डाउनलोड कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

अध्यक्ष
चयन समिति
लीगल एड डिफेंस कौसिल,
जि.वि.से.प्राधिकरण रायपुर

G-252600602/1

**कार्यालय अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज, रायपुर**
काली माता मंदिर के पीछे, आकाशवाणी चौक, रायपुर फोन नं 0771-4048829

क्रमांक 763 अधी./ स्टे. गै./ 2025 रायपुर, दिनांक 30/04/2025

**// निविदा आमंत्रण //**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के अधीन मे कुल 16 पुरानी अनुपयोगी/ निष्प्रयोजित वाहन (टोयोटा इनोवा, टाटा मांजा, इडिगों, टाटा सूमो, महिन्द्रा बोलेरो, मारूति एसएक्स4, आदि) प्रकार की वाहन का नीलाम किये जाने हेतु बंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। नीलाम किये जाने वाले वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के वर्कशॉप में (काली मंदिर के पीछे) जल संसाधन विभाग के परिसर में किया जा सकता है।

निविदा फार्म नियम एवं शर्तो की जानकारी 300.00 नकद जमा कर छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज (वर्कशॉप) जल संसाधन विभाग परिसर, काली मंदिर, आकाशवाणी चौक के पास रायपुर से निविदा फार्म दिनांक 01.05.2025 से 14.05.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म दिनांक 14.05.2025 दोपहर 02.00 बजे तक जमा की जावेगी। इसके पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदा उपस्थित निविदाकर्ताओं/ प्रतिनिधि के समक्ष सांयकाल 03.00 बजे दिनांक 14.05.2025 को खोली जावेगी। अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

अधीक्षक
छ.ग. स्टेट गैरेज

G-252600612/2

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 40/167350 | SR AND MOW WORK UNDER SUBDIVISION NO-03, AT P.W.D. E-IN-C OFFICE NIRMAN BHAWAN SECTOR-19 AND NIMORA NAYA RAIPUR | रू.25.00 लाख |
| 41/167351 | S/R & M.O.W. WORK OF VARIOUS BUILDING OF SECTION KHILORA UNDER SUB DIVISION-ABHANPUR | रू.20.00 लाख |
| 39/167352 | S/R & M.O.W. WORK OF VARIOUS BUILDING OF SECTION NO.-02 UNDER SUB DIVISION - ABHANPUR | रु.20.00 लाख |
| 42/167353 | S.R./M.O.W AND OTHER DIFFERENT TYPE WORKS AT G.A.D. 209 NOS. QTRS KACHANA SECTION UNDER RAIPUR (C.G.) | रू.25.00 लाख |
| 43/167354 | S/R & M.O.W. WORK OF VARIOUS BUILDING OF SECTION NAWAPARA UNDER SUB DIVISION- ABHANPUR | रू.30.00 लाख |
| 44/167355 | S/R & M.O.W. WORK OF VARIOUS BUILDING OF SECTION NO. -01 UNDER SUB DIVISION - ABHANPUR | रू.30.00 लाख |
| 50/167356 | S/R & M.O.W. WORK OF VARIOUS BUILDING OF SECTION No.-03 UNDER SUB DIVISION - ABHANPUR | रू. 20.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.05.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-252600605/3

**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
(1st Call)

No. 06/Raipur /2025-26 Raipur, Dated. 29.04.2025

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work"
छत्तीसगढ़ सदन एवं ट्रायबल यूथ हॉस्टल द्वारका, नई दिल्ली का Renovation / Up-gradation का कार्य।
Situated at New Delhi
Probable cost of project Rs. 1072 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below:-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture / consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD CG Bhawan, Division, New Delhi |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Bitween 10 to 25 Crore | Empanelled as architect in Class "C" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 5000.00 |

Time allowed: 04 months till completion of the project which everis later.
General condition :- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 19.05.2025 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained. The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

विशेषा शर्त :-
1. Participate करने वाले Consultant को नई दिल्ली स्थित शासकीय भवनों में आतंरिक एवं बाह्य साज-सज्जा के कार्यो का अनुभव होना चाहिए।
2. Consultant को छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
3. Participate करने वाले Consultant को कम से कम वित्तीय वर्ष 2024-25 से पूर्व राशि रू. 10.00 करोड़ के लागत का कार्य किया हुआ होना अनिवार्य होगा।

Superintanding Engineer
Public Works Department,
Raipur Circle No.-1 Raipur

G-252600607/2

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 19.05.2025, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम निविदा क्र. / निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 167668 नि.सू.क्र. 01/वलेलि./2025-26 दिनांकः 30.04.2025 | अंजनी जलाशय के नहर विस्तारीकरण एवं सी.सी. चौनल का निर्माण कार्य, मुख्य नहर में ह्यूम पाइप वी. आर. बी. निमार्ण कार्य, आर डी 990 मीटर पर आरसीसी। बैरल प्रकार वी आर बी की मरम्मत कार्य, मौजूदा वीआरबी की मरम्मत कार्य, आर डी 1083 और 1177 मीटर पर एक्वाडक्ट के लिए एबटमेंट निर्माण कार्य, माइनर नहर 1.2 और 3 के लिए हेड स्लूस का मरम्मत कार्य, सी सी चौनल आर डी 990 से 1083 मीटर, 1177 से 1335 मीटर, 2570 से 3420 मीटर, 3430 से 5342 मीटर तक का निर्माण कार्य, मुख्य नहर के आर डी 6350 मीटर में सी.सी. जल प्रवाह का निर्माण कार्य, मुख्य नहर में लाइनिंग 0 से 900 1300 से 2560 मीटर, 5342 से 6350 मीटर, माइनर 01 में सीसी लाइनिंग आरडी 0 से 900 मीटर, माइनर 02 में आरडी 0 से 950 मीटर और माइनर 03 नहर में आरडी 0 से 750 मीटर, निर्माण कार्य, मुख्य नहर में टो वॉल एवं आउटलेट का निर्माण कार्य। | रू. 488.44 लाख |
| सि.नि.क्र. 167669 नि.सू.क्र.02/वलेलि./2025-26 दिनांकः 30.04.2025 | गेज मध्यम परियोजना की एल.बी.सी नहर के पतरापाली माइनर के 0.00 मीटर से 2970 मीटर तक सीसी लाइनिंग कार्य। | रू.167.19 लाख |
| सि.नि.क्र. 167671 नि.सू.क्र. 03 / वलेलि /2025-26 दिनांकः 30.04.2025 | आनी जलाशय योजना के नहर मरम्मत एवं सी.सी. चैनल का निर्माण कार्य। | रू.69.60 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 0705.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः 1. निविदा में भाग लेन हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ. आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार,
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)

G-252600619/5




# गुजरात को प्लेऑफ के लिए जीत जरूरी, हैदराबाद के लिए आज करो या मरो मैच

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पिछले मैच में मिली हार से उबरकर गुजरात टाइटंस अब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने उतरेगी जबकि सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना होगा।

गुजरात टाइटंस इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से है जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके।



**फार्म में गुजराती खिलाड़ी**

गुजरात के साइ सुदर्शन पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाकर आरेंज कैप ले चुके हैं। वहीं कप्तान गिल ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं जो इस सत्र में शीर्ष सात बल्लेबाजों में हैं। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की तेज तिकड़ी प्रभावी रही है। स्पिनरों में राशिद खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फॉर्म में लौटकर 25 रन देकर दो विकेट लिए जबकि वॉशिंगटन सुंदर से उन्हें अच्छा सहयोग मिला।

## हार से सनराइजर्स दौड़ से होगा बाहर

सनराइजर्स के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्षक्रम की नाकामी से मध्यक्रम पर दबाव बना जिसमें हेनरिक क्लासेन, नीतिश कुमार रेड्डी और ईशान किशन फॉर्म में नहीं हैं। पिछले दो मैचों में अभिषेक दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके जबकि हेड ने आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।

## अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का भारी जुर्माना

चेन्नई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में चार विकेट से मिली जीत में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की मीडिया सूचना में कहा गया, 'यह आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत इस सत्र में टीम का धीमी ओवरगति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिए श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।'



अय्यर और प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों और युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के दम पर पंजाब ने चेन्नई को चार विकेट से हराकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

खास खबर

## बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग को मिला खेल रत्न



**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को गुरुवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा।

## भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते दो कांस्य

**लीमा।** भारत ने आईडब्लूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत करते हुए दो कांस्य पदक जीते। ज्योशना साबार ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में कुल 129 किलो (56 और 72) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बुधवार को क्लीन और जर्क में रजत पदक जीता था। युवा लड़कों के 49 किलो वर्ग में हर्षवर्धन साहू ने 197 किलो वजन (87 और 110) उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लीन और जर्क में भी कांस्य जीता था। विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन और जर्क और कुल तीन पदक दिए जाते हैं।



## चेलसी ने लगातार छठी बार जीता महिला सुपर लीग खिताब




**मैनचेस्टर।** चेलसी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया जो इस सत्र का उनका दूसरा खिताब है। दूसरे स्थान पर काबिज आर्सनल के एस्टोन विला के हाथों 5-2 से हारने के बाद चेलसी ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से हराकर नौ अंक की अजेय बढ़त बना ली। अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। चेलसी ने इस सत्र में लीग कप पहले ही जीत लिया है और एफए कप फाइनल में पहुंच गई है जहां उसका सामना 18 मई को वेम्बली स्टेडियम में मैनचेस्टर युनाइटेड से होगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप




सूर्यकुमार
475 रन
मुंबई

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### वेव्स चैंपियनशिप में खेलेंगे डेनियल, तेजस

**मुंबई।** भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ द्वारा आयोजित की जा रही वेव्स ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में डेनियल पटेल और तेजसकुमार भोई भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप के भारत चरण में विजेता बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय चरण में पटेल और भोई पांच अन्य देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत चरण में कुल 35,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें से ईफुटबॉल और विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप 3 दो खिताबों के लिए शीर्ष आठ प्रतिभागियों में से क्रमशः पटेल और भोई विजेता बने। ईफुटबॉल के विजेता पटेल का सामना मलेशिया, लाओस और थाईलैंड जबकि भोई का सामना नेपाल, श्रीलंका के प्रतिद्वंद्वियों से होगा।

### मुनोज आई-लीग सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** श्रीनिधि डेक्कन एफसी के शानदार स्ट्राइकर डेविड कास्टानेडा मुनोज को गुरुवार को आई लीग सत्र 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने भले ही नौवें स्थान पर लीग का समापन किया लेकिन मुनोज ने 22 मैच में 17 गोल करके सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। इंडियन वुमैन्स लीग में गोकुलम केरल एफसी की फजीला इक्वापुट लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष स्कोरर रहीं और उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार मिला। फजीला ने 24 गोल किए जिससे केरल की टीम 14 मैच में 29 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाली ईस्ट बंगाल (37 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रही।



### पथिराना की गेंदों को भांपने लगे हैं बल्लेबाज

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहे मथीषा पथिराना का बचाव करते हुए कहा है कि विरोधी बल्लेबाज अब उनकी गेंदों को समझने लगे हैं और उसे बेहतर खेल पा रहे हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई बुधवार को पंजाब सुपर किंग्स से मिली हार के बाद आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई।



## आईपीएल : लगातार चार हार के बाद इंडियन्स की लगातार छठी जीत

# मुंबई का 'सिक्सर', राजस्थान 100 रन की हार से प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 100 रन से हराया। लगातार छठी जीत दर्ज करते हुए मुंबई ने अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। शुरुआती पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने वाले मुंबई के 11 मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम इतने ही मुकाबलों में छह अंक के साथ आठवें स्थान पर है और प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

मुंबई के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कर्ण शर्मा (तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (दो विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। रेयान रिकल्टन ने 38 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 61 रन की पारी खेलने के अलावा रोहित (53 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर मुंबई को बेजोड़ शुरुआत दिलाई। कप्तान हार्दिक पंड्या (नाबाद 48) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 48) ने इसके बाद अंतिम ओवरों में 44 गेंद में 94 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर दो विकेट पर 217 रन तक पहुंचाया।



### वैभव शतक के बाद 'जीरो', फिर रोने लगे

*गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाकर इतिहास रचने वाले वैभव सूर्यवंशी अपने करियर के चौथे आईपीएल मैच में फेल रहे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2025 के 50वें मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी का खाता तक नहीं खुला। वैभव सिल्वर डक पर पवेलियन लौटे। क्रिकेट में जब कोई बल्लेबाज 2 गेंदों का सामना करता है और कोई रन नहीं बनाता तो इसे सिल्वर डक कहा जाता है। आउट होने के बाद वैभव काफी भावुक नजर आए। वैभव ने डेब्यू मैच में 34 रन जड़ दिए थे। आउट होने के बाद वैभव रोते हुए वापस लौटे थे।*

### रोहित शर्मा ने मुंबई के लिए बनाए 6000 रन

रोहित शर्मा ने आईपीएल में एक ही टीम के लिए खेलते हुए 6000 रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल की। वह ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले विराट कोहली ने यह कारनामा आरसीबी के लिए किया था। कोहली के नाम आरसीबी के लिए 8871 रन दर्ज हैं।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकल्टन बो तीक्षणा | 61 | 38 | 7 | 3 |
| रोहित का जायसवाल बो पराग | 53 | 36 | 9 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 48 | 23 | 4 | 3 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 48 | 23 | 6 | 1 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 217/2
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-42-0, फारूकी 4-0-54-0, तीक्षणा 4-0-47-1, कार्तिकेय 2-0-22-0, मधवाल 4-0-39-0, पराग 2-0-12-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो बोल्ट | 13 | 06 | 0 | 2 |
| वैभव सूर्यवंशी का जैक्स चाहर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| नितीश राणा का वर्मा बो बोल्ट | 09 | 11 | 2 | 0 |
| पराग का रोहित बो बुमराह | 16 | 08 | 3 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का एवं बो कर्ण | 11 | 11 | 0 | 1 |
| हेटमायर सूर्यकुमार बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| दुबे का बोल्ट बो हार्दिक | 15 | 09 | 2 | 1 |
| आर्चर का बुमराह बो बोल्ट | 30 | 27 | 2 | 2 |
| तीक्षणा का सूर्यकुमार बो कर्ण | 02 | 09 | 0 | 0 |
| कार्तिकेय का चाहर बो कर्ण | 02 | 04 | 0 | 0 |
| आकाश मधवाल नाबाद | 04 | 09 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 16.1 ओवर में 117/10
गेंदबाजी : चाहर 2-0-13-1, बोल्ट 2.1-0-28-3, बुमराह 4-0-15-2, बॉश 3-0-29-0, हार्दिक 1-0-2-1, कर्ण 4-0-23-3.

महिला टी-20 वर्ल्ड कप

## लॉर्ड्स पर होगा फाइनल 12 टीमें खेलेंगी 33 मैच

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला टी20 विश्व कप फाइनल अगले साल पांच जुलाई को लार्ड्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बारह टीमों का टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा जिसमें 33 मैच खेले जाएंगे।

इसका फाइनल लॉर्ड्स पर होगा जहां 2017 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जा चुका है। लार्ड्स के अलावा विश्व कप के मैच ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एडबस्टन, ओवल, हैंपशर बाउल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में टीमों को दो समूहों में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज समेत आठ टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं जबकि बाकी चार टीमों का चयन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2025 से होगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'ब्रिटेन में सभी टीमों को अपार समर्थन मिलता है।




## स्वियाटेक का सेमीफाइनल में गाफ से होगा सामना

**मैड्रिड।** दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने मेडिसन कीस को 0-6, 6-3, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियाटेक का सामना अब सेमीफाइनल में कोको गाफ से होगा जिन्होंने मिर्रा आंद्रीवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने मार्ता कोस्तियुक को 7-6, 7-6 से मात दी जबकि स्वितोलिना ने मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में इटली के मातेओ अर्नाल्डी ने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-2, 6-2 से हराया।



## भारतीय मुक्केबाजों ने जीते चार और स्वर्ण

**एशियाई अंडर-15, अंडर-17 चैंपियनशिप में रहे तीसरे स्थान पर**

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय मुक्केबाजों ने पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के आखिरी दिन चार और स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। भारत ने कुल 15 स्वर्ण, छह रजत और 22 कांस्य पदक जीते और कजाखस्तान तथा उजबेकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रहा। टूर्नामेंट के आखिरी दिन भारत के अंडर 17 दल ने चार स्वर्ण पदक जीते और चारों पदक लड़कियों को मिले। खुशी चंद (46 किलो) ने मंगोलिया की अल्तांजुल अल्तांगादास को 3-2 से हराया जबकि आहना शर्मा (50 किलो) और जन्नत (54 किलो) ने उजबेक प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। अंशिका ने 80 प्लस किलोवर्ग में जोर्डन की जाना अलालावनेह को हराकर भारत को एक और स्वर्ण दिलाया।लड़कों के अंडर 17 वर्ग में देवांश (80 किलो) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिन्हें फाइनल में कजाखस्तान के मुखामेदाली रुस्तेमबेक ने 5-0 से हराया। भारतीय अंडर 17 लड़कों की टीम ने एक रजत और छह कांस्य पदक जीते।




## सुपरबेट शतरंज में तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| वारसॉ

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव ने खिताब जीता। ग्रैंड शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। फेडोसीव ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए और उनका कुल स्कोर 36 में से 26.5 रहा। उन्हें जीत के साथ 40000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर मिले। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव दूसरे और प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव को 30000 डॉलर और प्रज्ञानानंदा को 25000 डॉलर मिले।



## चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सूर्यांश शेडगे ने खेला मैच

# पंजाब के चोटिल मैक्सवेल आईपीएल से बाहर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स के आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी टीम ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मैक्सवेल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण धुले पिछले मैच से पहले चोट लगी थी। उस मैच में वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। उनकी जगह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल रात को सूर्यांश शेडगे ने खेला जिसमें पंजाब को चार विकेट से जीत मिली।

पंजाब किंग्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, 'ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण सत्र के बाकी मैचों से बाहर। हम उन्हें जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं।' मैक्सवेल के साथी आस्ट्रेलियाई और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर मार्कस स्टोइनिस ने चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले 'जियोस्टार' से कहा था, 'बदकिस्मती से मैक्सवेल की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया है। उसे लगा नहीं था कि चोट इतनी गंभीर होगी लेकिन यह है। उसका स्कैन कराया गया और नतीजा अच्छा नहीं है। लगता है कि वह अब आगे इस टूर्नामेंट में नहीं खेल सकेगा।'पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, 'हम विकल्प पर फैसला लेंगे।'



## विग्नेश पुथुर बाहर रघु होंगे विकल्प

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने लेग स्पिनर रघु शर्मा को चोटिल विग्नेश पुथुर की जगह टीम में शामिल किया। पुथुर मौजूदा सत्र के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। केरल के बाएं हाथ के स्पिनर पुथुर दोनों पिंडलियों में हड्डी के तनाव के कारण बाहर हो गए हैं। 31 वर्ष के शर्मा मुंबई की सहयोगी गेंदबाजी ईकाई का हिस्सा हैं जो अब मुख्य टीम से जुड़ेंगे। वह घरेलू क्रिकेट में पंजाब और पुडुच्चेरी के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 19.59 की औसत से 57 विकेट लिए हैं जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 56 रन देकर सात विकेट था। इसके अलावा नौ लिस्ट ए मैचों में 14 और तीन टी20 में तीन विकेट ले चुके हैं।

## मैने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की : चहल

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले युजवेंद्र चहल ने कहा कि उन्होंने अपने कौशल पर भरोसा रखते हुए हालात के अनुरुप अपनी लाइन में बदलाव करके गेंदबाजी की। पहले दो ओवर में 23 रन देने वाले चहल ने पहले महेंद्र सिंह धोनी (11) को आउट किया। इसके बाद दीपक हुड्डा (2), अंशुल कंबोज (0) और नूर अहमद (0) को पवेलियन भेजकर आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक बनाई। उन्होंने आईपीएल की वेबसाइड पर डाले गए एक वीडियो में कप्तान श्रेयस अय्यर से बातचीत में कहा, 'मुझे पता था कि माही भाई (धोनी) और दुबे (शिवम) हैं।

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट सं. 45, सेक्टर 24, नवा रायपुर, अटल नगर, 492 018 (छत्तीसगढ़)

**लॉकर केबिनेट की शिफ्टिंग**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारी **रायपुर फूल चौक शाखा (एसएमई रायपुर)** के परिसर में परिवर्तन के कारण सुरक्षित जमा लॉकर कैबिनेटों के शिफ्टिंग संभावित रूप से दिनांक **24.05.2025** के प्रभाव निम्नलिखित पते पर की जाएगी ।

| SN | Existing Branch with Address | Address of the alternate location |
|---|---|---|
| 1. | केनरा बैंक, रायपुर फूल चौक शाखा (एसएमई रायपुर), डीपी-4042, 15/143-144, प्रथम तल, श्री कॉम्प्लेक्स, फूल चौक, जीई रोड, रायपुर छत्तीसगढ-492001, मो. - 78801 32368. | केनरा बैंक, रायपुर फूल चौक शाखा (एसएमई रायपुर), डीपी-4042, खसरा सं. 139, मकान सं. 609 - 614, तात्यापारा, वार्ड सं. 37, आजाद चौक, रायपुर छत्तीसगढ़- 492001, मो. - 78801 32368. |

कृपया **दिनांक 26.05.2025** के प्रभाव से लॉकर के परिचालन के लिए उपरोक्त संपर्क के माध्यम से हमसे संपर्क करें। यह भी अनुरोध है कि यदि ग्राहकों द्वारा लॉकर में कोई ऐसी वस्तु रखी गई है जिसकी शिफ्टिंग के दौरान क्षतिग्रस्त होने की संभावना है तो उस वस्तु को लॉकर से निकालने की व्यवस्था करें, हालांकि बैंक द्वारा शिफ्टिंग के दौरान समुचित सावधानी बरती जाएगी ।
कृपया यह भी नोट किया जाए कि लॉकर कैबिनेट के शिफ्टिंग के कारण लॉकर में रखी गई वस्तुओं/ सामानों के क्षतिग्रस्त होने के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा ।

दिनांकः 01.05.2025, स्थानः रायपुर — उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। इनमें सिंधु जल संधि सस्पेंड करने से लेकर पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने जैसे फैसले शामिल हैं। हालांकि भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए अटारी बॉर्डर से वतन वापसी की समय सीमा अगले आदेश तक बढ़ा दी है।*

**पहलगाम अटैक के बाद दोनों देशों के बीच चरम पर है तनाव**

# पाकिस्तान अपने नागरिकों के लिए भी नहीं खोल रहा वाघा बॉर्डर

## बंद है पाक की तरफ का गेट, जिससे कई पाकिस्तानी अटारी पर फंसे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ये फैसला कई नागरिकों के बॉर्डर पर फंस जाने के बाद आया है, जिन्हें पहलगाम हमले के बाद तय हुई पिछली समय सीमा तक वापस जाना था। यकीनन ये फैसला पाकिस्तानी नागरिकों के लिए राहत भरा है। लेकिन फिर भी पाकिस्तान अपनी शरारती हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, वाघा बॉर्डर की पाकिस्तानी ओर का गेट बंद है, जिससे कई पाकिस्तानी नागरिक भारत में फंसे हुए हैं। ये सभी नागरिक अटारी बॉर्डर के ज़रिए अपने वतन लौटने के लिए पहुंचे थे, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से गेट नहीं खोले जाने के कारण वे वहीं अटके हुए हैं और कड़ी धूप में सड़कों पर रहने को मजबूर हैं।




### कोई नाना नानी से मिलने भारत आया तो कोई हरिद्वार जाने को

एक न्यूज चैनल ने बॉर्डर पर फंसे ऐसे ही कई पाकिस्तानी नागरिकों से बातचीत की. इस दौरान क्वेटा के रहने वाले सूरज ने बताया कि वह हिंदू होने के नाते अपनी मां को हरिद्वार गंगा स्नान कराने के लिए 15 अप्रैल को भारत आए थे। अब भारत ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अपने वतन लौटने का आदेश दिया है, इसके चलते वह वापस जाने के लिए बॉर्डर पर आए, लेकिन पाकिस्तान की ओर से गेट बंद होने के कारण वह यहीं फंसे हुए हैं। कराची के रहने वाले हर्ष ने बताया कि वह अपने नाना-नानी से मिलने के लिए भारत आए थे। उनकी तबीयत खराब थी। भारत सरकार के आदेशानुसार वह सुबह 8:30 बजे बॉर्डर पर पहुंच गए थे। लेकिन जैसे ही यहां पहुंचे तो पता चला कि गेट बंद है और अभी वह आगे नहीं जा सकते. इतनी भीषण गर्मी में बिना खान पानी रहने को मजबूर हैं। सभी लोग बहुत परेशान हैं और कुछ समय नहीं आ रहा है कि हो क्या रहा है।

### जानबूझकर ऐसी हरकत कर रहा पाक

बता दें कि बॉर्डर पार न होने के कारण अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से गेट खुलने का इंतजार कर रहे पड़ोसी मुल्क के नागरिक बेहद परेशान हैं। उनके पास सीमित सामान है और गर्मी में खुले आसमान के नीचे उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारों का मानना है कि पाकिस्तान जानबूझकर ऐसी हरकतें कर रहा है ताकि द्विपक्षीय रिश्तों में तनाव और बढ़े. इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भारतीय अधिकारी लगातार पाकिस्तानी अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।

---

**नैनीताल में बड़ा बवाल**

## बच्ची से रेप के बाद तोड़फोड़, मस्जिद पर भी पथराव



एजेंसी ▸▸ नैनीताल

उत्तराखंड के नैनीताल में बुधवार रात सांप्रदायिक बवाल हो गया। मल्लीताल क्षेत्र में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना से नाराज स्थानीय लोगों और संगठनों ने देर रात तक कुछ स्थानों पर तोड़फोड़ के साथ मस्जिद में पथराव किया। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर उस्मान नाम के आरोपी को हिरासत में ले लिया था। मल्लीताल और आसपास बड़ी संख्या में पुलिस की भी तैनाती की गई है। बुधवार देर रात समुदाय विशेष के एक व्यक्ति पर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप लगा। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान उग्र भीड़ ने कुछ दुकानों में तोड़फोड़ शुरू कर लोगों से मारपीट कर दी।

---

**सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई से किया इंकार**

**याचिकाकर्ता से सुको ने कहा- 'क्या आप सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं?'**

# पहलगाम आतंकी हमले की नहीं होगी न्यायिक जांच

*सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले की न्यायिक जांच के लिए जनहित याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया है। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि जज आतंकी मामलों की जांच के विशेषज्ञ नहीं हैं। इस महत्वपूर्ण समय में देश के हर नागरिक ने आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कोर्ट ने पूछा कि क्या वे सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं। कोर्ट ने उनसे ऐसे मुद्दों को न्यायिक क्षेत्र में नहीं लाने को कहा। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहलगाम हमले की जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता फतेह कुमार साहू और अन्य को जनहित याचिका वापस लेने के लिए कहा। शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझें और अदालत में ऐसी कोई अपील न करें, जिससे सुरक्षा बलों का मनोबल गिरे।



### 'बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं'

पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक से कहा, 'आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच करने के लिए कह रहे हैं। वे जांच में विशेषज्ञ नहीं हैं। वे केवल निर्णय दे सकते हैं और किसी मुद्दे पर निर्णय ले सकते हैं। हमें आदेश पारित करने के लिए मत कहिए। आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं।' बता दें, 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल बैसरन में गोलीबारी की थी, जिसमें 26 लोग मारे गए।

**यह थी याचिका में मांगें**

*याचिका में पहलगाम हमले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की गई थी। इसके अलावा केन्द्र, जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश, सीआरपीएफ, एनआईए को जम्मू कश्मीर के टूरिस्ट इलाकों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश देने की मांग भी गई थी।*

### एनआईए महानिदेशक पहुंचे श्रीनगर



एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते भी खुद हालात का जायजा लेने के लिए श्रीनगर पहुंचे हैं। उनके साथ एनआईए की विशेष टीम भी घाटी में डेरा डाले हुए है। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज और डिजिटल सबूत एजेंसी के हाथ लगे हैं। कश्मीर घाटी में आतंकवाद और आतंकी फंडिंग से जुड़े मामलों की जांच को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। कई जिलों में एक साथ ये कार्रवाई की गई है। सूत्रों के मुताबिक, यह छापे आतंकवाद से जुड़े संगठनों और उनके नेटवर्क को कमजोर करने के मकसद से मारे जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि एनआईए की यह रणनीति घाटी में आतंकी नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई है। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों का भी इस ऑपरेशन में पूरा सहयोग मिल रहा है।

---

# 'नहीं मान रहा पाकिस्तान' 7वीं बार तोड़ा सीजफायर

**कुपवाड़ा, उरी और अखनूर में की गोलीबारी; भारतीय सेना ने दिया जवाब**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान की नींद उड़ गई है। बेचैन पाकिस्तान रोज लाइन ऑफ कंट्रोल पर गोलीबारी कर रहा है। पाकिस्तान ने बुधवार की रात सातवीं बार संघर्षविराम का उल्लंघन किया। पाक सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर में एलओसी के पास फायरिंग की। भारतीय सेना ने पलटवार कर करारा जवाब दिया। सेना ने हल्के हथियारों से गोलियां चलाईं। जम्मू-कश्मीर में पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ। आतंकियों ने 26 पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
- सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
- हिमोडायलिसीस
- पेरीटोनियल डायलिसीस
- सीएपीडी
- बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज

24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com